Ensuring a better life with better quality

ANNUAL REPORT 2012-13

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो
Bureau of Indian Standards

ब्यूरो के प्रधान अधिकारी, कार्यकारिणी समिति और महानिदेशालय (31 मार्च 2013 को)
PRINCIPAL OFFICERS OF BUREAU, EXECUTIVE COMMITTEE AND THE DIRECTORATE GENERAL (as on 31 March 2013)

भारतीय मानक ब्यूरो BUREAU OF INDIAN STANDARDS

अध्यक्ष	President	प्रो॰ के॰ वी॰ थॉमस उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)	**Prof. K. V. Thomas** Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution (Independent Charge)
अध्यक्ष कार्यकारिणी समिति	Chairman, Executive Committee	श्री अफज़ल अमानुल्लाह महानिदेशक, भा मा ब्यूरो	Shri Afzal Amanullah, Director General, BIS

भा मा ब्यूरो महानिदेशालय BIS DIRECTORATE GENERAL

मुख्यालय	Headquarters		
महानिदेशक	Director General	श्री अफज़ल अमानुल्लाह	Shri Afzal Amanullah
अपर महानिदेशक	Additional Director General	श्रीमती अल्का पंडा	Smt. Alka Panda
वैज्ञानिक जी एवं प्रमुख	Scientists G & Chief		
मानकीकरण	Standardization	श्रीमती परमिन्दर बजाज	Smt. Parminder Bajaj
प्रमाणन	Certification	श्री पी॰ के॰ गम्भीर	Shri P. K. Gambhir
प्रयोगशाला	Laboratory	श्री पी॰ के॰ बत्रा	Shri P. K. Batra
मुख्य सतर्कता अधिकारी	Chief Vigilance Officer	श्री आलोक शर्मा	Shri Alok Sharma
उप महानिदेशक	Deputy Director General		
प्रशासन	Administration	कैप्टन अनुज कुमार	Captain Anuj Kumar
वित्त	Finance	श्री एच॰ आर॰ अहूजा	Shri H. R. Ahuja
वैज्ञानिक जी (उप महानिदेशक)	Scientist G (Deputy Director General)		
प्रशिक्षण संस्थान	Training Institute	श्री डी॰ के॰ नैय्यर	Shri D. K. Nayyar
वैज्ञानिक एफ (उप महानिदेशक)	Scientist F (Deputy Director General)		
परियोजना, योजना और समन्वय	Project, Planning & Co-ordination	डॉ॰ (श्रीमती) स्नेह भाटला	Dr. (Smt.) Sneh Bhatla
प्रवर्तन	Enforcement	श्रीमती मधुलिका प्रकाश	Smt Madhulika Prakash
हॉलमार्किंग	Hallmarking	श्री ए॰ के॰ सेन	Shri A. K. Sen
क्षेत्रीय कार्यालय	Regional Offices		
वैज्ञानिक जी (उप महानिदेशक)	Scientist G (Deputy Director General)		
पश्चिमी क्षेत्र	Western Region	श्री सी॰ के॰ महेश्वरी	Shri C. K. Maheshwari
दक्षिणी क्षेत्र	Southern Region	श्री ई॰ देवेन्दर	Shri E. Devendar
उत्तरी क्षेत्र	Northern Region	श्री ए॰ के॰ सैनी	Shri A. K. Saini
वैज्ञानिक एफ (उप महानिदेशक)	Scientist F (Deputy Director General)		
मध्य क्षेत्र	Central Region	श्री एस॰ के॰ खन्ना	Shri S. K. Khanna
पूर्वी क्षेत्र	Eastern Region	श्री के॰ अनबरासू	Shri K. Anbarasu

वार्षिक रिपोर्ट
ANNUAL REPORT
2012-13

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

मानक भवन, 9 बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002
Manak Bhawan, 9 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
वेबसाइट/Website : www.bis.org.in

विषय सूची
CONTENTS

क्र. सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1	सिंहावलोकन Overview	1
2	मानक Standards	6
3	प्रमाणन Certification	29
4	प्रयोगशाला सेवाएं Laboratory Services	38
5	सतर्कता गतिविधियाँ Vigilance Activities	41
6	तकनीकी सूचना सेवाएँ Technical Information Services	43
7	प्रशिक्षण सेवाएँ Training Services	45
8	उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ Consumer Related Activities	47
9	बारहवीं योजनागत परियोजना 12th Plan Projects	49
10	अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ International Activities	51
11	कंप्यूटरीकरण एवं कार्यालय स्वचालन Computerization and Office Automation	55
12	परियोजना प्रबंधन Project Management	57
13	मानव संसाधन विकास Human Resource Development	59
14	वित्त, लेखा और लेखा परीक्षा Finance, Accounts and Audit	61

सिंहावलोकन

भारतीय मानक ब्यूरो (भा. मा. ब्यूरो), पूर्व में भारतीय मानक संस्थान (आईएसआई) के कर्मचारियों, परिसम्पत्तियों, देयताओं और प्रकार्यों का अधिग्रहण करके व्यापक कार्य–क्षेत्र तथा अधिक शक्तियों सहित दिनांक 26 नवम्बर 1986 के संसद के एक अधिनियम के माध्यम से 1 अप्रैल 1987 को अस्तित्व में आया। यह परिवर्तन सरकार ने राष्ट्रीय मानकों के निर्धारण और कार्यान्वयन में गुणता संस्कृति और चेतना लाने तथा उपभोक्ताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का वातावरण बनाने की दृष्टि से किया ।

ब्यूरो 25 सदस्यों का एक कार्पोरेट निकाय है। ब्यूरो के अध्यक्ष केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री और उपाध्यक्ष उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकारों के प्रतिनिधि, सांसद, उद्योग, वैज्ञानिक एवं अनुसंधान संस्थानों, उपभोक्ता संगठनों और व्यावसायिक निकायों के प्रतिनिधि इसके सदस्य हैं।

ब्यूरो की 21वीं बैठक 24 जनवरी 2013 को आयोजित की गई। नई नीति/निर्देशों के कार्यान्वयन में भा. मा. ब्यूरो को सलाह देने के लिए वर्ष के दौरान कार्यकारी समिति की सात बैठकें आयोजित की गई, जबकि वर्ष के दौरान वित्त समिति की दो बैठकें आयोजित की गई ।

भा. मा. ब्यूरो की संरचना तीसरे आवरण पृष्ठ पर दी गई है ।

संगठनात्मक नेटवर्क

ब्यूरो का मुख्यालय, नई दिल्ली में है और कोलकाता (पूर्वी), चेन्नै (दक्षिणी), मुम्बई (पश्चिमी), चंडीगढ़ (उत्तरी) और दिल्ली (मध्य) स्थित 5 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। अहमदाबाद, बेंगलुरू, भुबनेश्वर, भोपाल, कोयम्बटूर, देहरादून, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, नागपुर, परवाणू, पटना, पुणे, राजकोट, तिरूबनन्तपुरम एवं विशाखापटनम् स्थित शाखा कार्यालय हैं, जो उपर्युक्त क्षेत्रीय कार्यालयों के तहत हैं। ये क्षेत्र की राज्य सरकारों, उद्योगों, तकनीकी संस्थाओं, उपभोक्ता संगठनों आदि के बीच प्रभावी कड़ी के रूप में कार्य करते हैं ।

OVERVIEW

Bureau of Indian standards (BIS) came into existence, through an Act of Parliament dated 26 November 1986, on 1 April 1987, with a broadened scope and more powers taking over the staff, assets, liabilities and functions of erstwhile Indian Standards Institution (ISI). Through this change over, the government envisaged building a climate for quality culture and consciousness and greater participation of consumers in formulation and implementation of national standards.

The Bureau is a Body Corporate consisting of 25 members representing both Central and State governments, Members of Parliament, industry, scientific and research institutions, consumer organizations and professional bodies with the Union Minister of Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its President and with the Minister of State for Consumer Affairs, Food and Public Distribution as its Vice-President.

The 21st meeting of the Bureau was organized on 24 January 2013. The Executive Committee had seven meetings during the year to advise BIS in implementation of new policy/ directives while the Financial Committee met twice during the year.

The structure of BIS is given on the third cover page.

ORGANIZATIONAL NET WORK

BIS has its Headquarters at New Delhi and its 5 Regional Offices (ROs) located at Kolkata (Eastern), Chennai (Southern), Mumbai (Western), Chandigarh (Northern) and Delhi (Central). Under the Regional Offices are the Branch Offices (BOs) located at Ahmedabad, Bangalore, Bhubaneswar, Bhopal, Coimbatore, Dehradun, Faridabad, Ghaziabad, Guwahati, Hyderabad, Jaipur, Kanpur, Lucknow, Nagpur, Parwanoo, Patna, Pune, Rajkot, Thiruvananthapuram and Vishakhapatnam which serve as effective link between State Governments, industries, technical institutions, consumer organizations, etc of the region.

गतिविधियाँ

भा. मा. ब्यूरो की गतिविधियों को मुख्य रूप से निम्नलिखित शीर्षकों के अंतर्गत रखा जा सकता है:

क) मानक निर्धारण

ख) प्रमाणन : उत्पाद, हालमार्किंग तथा विभिन्न प्रबंध पद्धतियाँ

ग) प्रयोगशाला सेवाएँ

घ) भारतीय मानकों तथा अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ङ) अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियाँ

च) उपभोक्ता संबंधी गतिविधियाँ

छ) संवर्द्धनात्मक गतिविधियाँ एवं प्रचार

ज) प्रशिक्षण सेवाएँ

झ) सूचना सेवाएँ

ञ) वित्त एवं लेखा

भारतीय मानक ब्यूरो ने वर्ष 2012–13 में चहुँमुखी प्रगति बनाए रखी है। ब्यूरो ने कुल ₹ 28017.48 लाख की आय अर्जित कर पिछले वर्ष की ₹25266.27 लाख की आय की तुलना में 10.89 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की। भा. मा. ब्यूरो अपने व्यय और देयताओं का वहन करते हुए लगातार चौबीस वर्षों से आत्मनिर्भर बना हुआ है।

2012–13 की प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नानुसार हैं :

- वर्ष के दौरान विभिन्न व्यापक विषयों पर 437 भारतीय मानकों का निर्धारण किया गया। इनमें से कुछ महत्वपूर्ण (नए और पुनरीक्षित) मानक हैं :

– बाँस का उपयोग करके ढांचागत डिज़ाइन की रीति–संहिता (आईएस 15912: 2012)

– पहिए वाले अग्निशामकों की विशिष्टि – कार्यकारिता तथा संरचना (आईएस 16018: 2012)

– एल्यूमिनो – फेरिक की विशिष्टि (आईएस 299 : 2012 – पाँचवा पुनरीक्षण)

– रसायन प्रयोगशालाएँ – सुरक्षा संहिता (आईएस 4209 : 2013 दूसरा पुनरीक्षण)

– ऊष्मारोधी द्रव – विद्युतीय प्रयोजनार्थ अप्रयुक्त संश्लिष्ट व कार्बनिक एस्टर की विशिष्टि (आईएस 16081 : 2013)

ACTIVITIES

The activities of BIS can be broadly grouped under the following heads:

a) Standards Formulation

b) Certification : Product, Hallmarking and various Management Systems

c) Laboratory Services

d) Sales of Indian Standards and other publications

e) International Activities

f) Consumer Related Activities

g) Promotional Activities and Publicity

h) Training services

i) Information services

j) Finance & Accounts

Bureau of Indian Standards has maintained all round progress during the year 2012-13. It recorded a total income (excluding interest from investment) of ₹ 28017.48 lakhs and a growth of 10.89% over the income in the previous year which was ₹ 25266.27 lakhs. For the twenty fourth consecutive year, BIS continued to be self reliant in meeting its expenditure and other liabilities

Highlights of achievements during 2012-13 are as follows:

- 437 Indian Standards covering wide range of subjects were formulated during the year. Some important standards (new & revised) formulated are:

- Code of Practice for Structural Design Using Bamboo (IS 15912 : 2012)

- Specification for Wheeled Fire Extinguishers Performance and Construction (IS 16018:2012)

- Alumino - Ferric Specifications (IS 299: 2012- Fifth revision)

- Chemical laboratories – Code of safety (IS 4209: 2013 - Second revision)

- Insulating liquids – Specifications for unused synthetic organic esters for electrical purposes (IS 16081 : 2013)

- खाद्य सुरक्षा पर पूर्व–अपेक्षा कार्यक्रम – भाग 1 : खाद्य सामग्री का निर्माण (आईएस/ आईएसओ/टीएस 22002–1: 2009)

- डिजिटल सेट टॉप बॉक्स – एमपीईजी–4 डीटीएच सेवाएँ हेतु विशिष्टि (आईएस 15954 : 2012)

- मोटर वाहनों के प्रयोग हेतु द्रवित पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) कन्टेनर – विशिष्टि (आईएस 14899 पहला पुनरीक्षण)

- चिकित्सीय गैस पाइप लाइन तंत्र की टर्मिनल यूनिटों के कनेक्शन हेतु प्रवाह मापन युक्तियाँ (आईएस/आईएसओ 15002 : 2008)

- कार्यस्थल पर सामाजिक दायित्वों हेतु अपेक्षाएँ (आईएस 16001 : 2012–पहला पुनरीक्षण)

- देवनागरी लिपि तथा हिंदी वर्तनी (आईएस 16500 : 2012)

- उन्नत भूकम्पीय प्रतिरोधिता वाले भवनों एवं संरचनाओं हेतु संरचना इस्पात (आईएस 15962 : 2012)

- बर्तनों एवं रसोई उपस्करों हेतु कम निकल ऑस्टेनिटिक स्टेनलैस स्टील शीट एवं स्ट्रिप हेतु विशिष्टि (आईएस 15997 : 2012)

- बायोगैस की विशिष्टि (बायोमीथेन) (आईएस 16087 : 2013)

- खड़ंजा हेतु डामर (आईएस 73 : 2013–चौथा पुनरीक्षण)

- उपभोक्ता वस्तुओं हेतु फास्टनर्स – सिंथेटिक हुक एवं लूप टेप (आईएस 8156 –दूसरा पुनरीक्षण)

- कृषि वस्त्रादि विशिष्टि – कृषि एवं बागवानी प्रयोजनार्थ शेड की जालियाँ (आईएस 16009 : 2012)

- वस्त्रादि – जूट सैकिंग – सामान्य अपेक्षाएं (आईएस 9113 : 2012– दूसरा पुनरीक्षण)

- पॉवर हाउस साइटों हेतु भू तकनीकी जाँच – रीति संहिता (आईएस 10060 : 2013–पहला पुनरीक्षण)

- 31 मार्च 2013 तक कुल लागू मानकों की संख्या 18965 थी।

- 31 मार्च 2013 तक कुल 5065 भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के साथ सुमेलित किया गया है । भारतीय मानकों

- Prerequisite Programmes On Food Safety – Part 1: Food Manufacturing (IS/ISO/TS 22002-1:2009)

- Digital set top Box for MPEG-4 DTH Services-Specification (IS 15954:2012)

- Liquefied Petroleum Gas (LPG) Containers For Automotive Use – Specification (IS 14899 First Revision)

- Flow metering Devices for connection to terminal units of medical gas pipeline systems (IS/ISO 15002:2008)

- Requirements for Social Accountability At The Work Place (IS 16001 : 2012 - First Revision)

- Devnagri Script and Hindi Spellings (IS 16500:2012)

- Structural Steels For Buildings And Structures With Improved Seismic Resistance (IS 15962:2012)

- Specification for Low Nickel Austenitic Stainless Steel Sheet And Strip For Utensils and Kitchen Appliances (IS 15997:2012)

- Specification for Biogas (Biomethane) (IS 16087:2013)

- Paving Bitumen (IS 73 : 2013 - Fourth Revision)

- Fasteners For Consumer Goods-Synthetic Hook And Loop Tape (IS 8156 Second Revision)

- Specification for Agro Textiles – Shade Nets for Agriculture and Horticulture Purposes – (IS 16009:2012)

- Textiles – Jute Sacking – General Requirements (IS 9113:2012 - Second Revision)

- Geotechnical Investigation for Power House Sites-Code of Practice (IS 10060:2013- first revision)

- The total number of standards in force as on 31 March 2013 was 18965.

- A total of 5065 Indian standards have been harmonized with international standards as on 31

की संख्या को ध्यान में रखते हुए जहाँ संगत आईएसओ/आईईसी के मानक उपलब्ध हैं, वहाँ लगभग 85 प्रतिशत भारतीय मानकों को सुमेलित किया जा चुका है ।

- विचाराधीन वर्ष के दौरान 2964 उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किए गए। 31 मार्च 2013 तक (हॉलमार्किंग को छोड़कर) कुल 26357 लाइसेंस प्रचालन में थे ।

- वर्ष के दौरान 9 नए उत्पादों को पहली बार प्रमाणन योजना के अंतर्गत शामिल किया गया। ये उत्पाद हैं : आईएस 4835 – लकड़ी हेतु पोलीविनायल ऐसीटेट परिक्षेपण आधारित आसंजक, आईएस 5206 – इस्पात एवं अन्य सदृश उच्च मिश्र धातु इस्पात के आर्क के मैनुअल धातु आर्क वेल्डिंग के लिए आवरित इलैक्ट्रोड, आईएस 7180 – डिस्पोजेबल कृत्रिम गर्भाधान हेतु दस्ताने, आईएस 14756 – स्टेनलैस स्टील के खाना बनाने के बर्तन, आईएस 14605 – सिंचाई उपस्कर – सूक्ष्म फुहारक, आईएस 15240 – प्रोफीनोफॉस पायसनीय सांद्र, आईएस 14443 – पॉलीकार्बोनेट–शीट, आईएस 15601 – सिमोक्सेनिल 8% + मेनकोज़ेब 64% डब्ल्यू. पी., आईएस 15476 – बाँस चटाई की नालीदार शीट।

- 31 मार्च 2013 तक स्वर्ण आभूषणों के लिए हॉलमार्किंग लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 10586 हो गई, जबकि 31 मार्च 2012 को यह संख्या 9292 थी। अवधि के दौरान लगभग 271 लाख सोने के आभूषणों/कलात्मक वस्तुओं पर हॉलमार्क लगाया गया। वर्ष के दौरान चांदी के आभूषणों/कलात्मक चीजों के लिए लागू लाइसेंसों की संख्या 580 से बढ़कर 695 हो गई। 31 मार्च 2013 को भा. मा. ब्यूरो मान्यता प्राप्त मूल्यांकन एवं हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या 210 हो गई।

- वर्ष के दौरान 52 गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस, 13 पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस, 13 व्यवसाय में स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस तथा 1 खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस प्रदान किया गया। 31 मार्च 2013 तक, 15 मल्टी साइटों सहित 9 संगठन सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंसों का प्रचालन कर रहे थे ।

- भा. मा. ब्यूरो की मानक मुहर का दुरूपयोग करने वाली फर्मों पर समस्त देश में 112 छापे मारे गए ।

- भा. मा. ब्यूरो प्रयोगशालाओं द्वारा जारी परीक्षण रिपोर्टों की संख्या 21371 रही। दिसम्बर 2010 से स्वर्ण रेफरल मूल्यांकन प्रयोगशाला, चेन्नै ने सोने के आभूषणों के नमूनों के परीक्षण शुरू किए हैं। इसने 2012–2013 के दौरान 371 टेस्ट रिपोर्टें जारी की हैं।

March 2013. Considering the number of Indian Standards where corresponding ISO/IEC Standards exist, about 85% of Indian standards are harmonized.

- 2964 Product Certification licences have been granted during the year. The total number of operative licences as on 31 March 2013 were 26357 (excluding Hallmarking).

- During the year 9 products were covered for the first time under the product certification scheme. These products are IS 4835 - Polyvinyl Acetate Dispersion Based Adhesives for Wood, IS 5206 - Covered Electrodes for manual Metal Arc welding of Arc of steel and other similar high alloy steel, IS 7180 - Disposable Artificial Insemination Gloves, IS 14756 - Stainless Steel cooking utensils, IS 14605 - Irrigation Equipment-Micro Sprayer, IS 15240 - Profenofos Emulsifiable Concentrate, IS – 14443 Polycarbonate – Sheets, IS 15601- Cymoxanil 8% + Mancozeb 64% W.P, IS 15476 - Bamboo Mat Corrugated Sheets

- The number of operative licences for Hallmarking of gold jewellery has grown from 9292 as on 31 March 2012 to 10586 as on 31 March 2013. Around 271 lakhs articles of gold jewellery/ artefacts have been hallmarked during this period. The number of operative silver licences for Hallmarking of silver jewellery / artefacts has increased from 580 to 695 during the year. The number of BIS recognized assaying and hallmarking centres was 210 as on 31 March 2013.

- 52 Quality Management System Certification licences, 13 Environmental Management Systems Certification licences, 13 Occupational Health and Safety Management Systems Certification licences and 1 Food Safety Management System Certification Licences were granted during the year. 9 organizations with 15 multi-sites were operating Service Quality Management System Certification as on 31 March 2013.

- 112 enforcement raids were carried out all over India on firms misusing the BIS Standard Mark.

- The number of Test Reports issued by BIS Laboratories was 21371. Gold Referral Assaying Laboratory at Chennai has started testing of Gold Jewellery samples since December 2010 and has issued 371 test reports during 2012 - 13.

- वर्ष 2012–13 के दौरान विकासशील देशों के लिए मानकीकरण और गुणता आश्वासन में 45वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रबंध पद्धतियों पर 9वें अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया और प्रयोगशाला गुणता प्रबंधन पर तीसरा अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 14 अक्टूबर 2012 को विश्व मानक दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय था 'कम अपशिष्ट बेहतर परिणाम–दक्षता में वृद्धि करते हैं'।

- दिनांक 29 अक्टूबर से 3 नवम्बर 2012 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया गया।

- 14 से 28 सितम्बर 2012 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें हिंदी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

- दिनांक 31 मार्च 2013 को भा. मा. ब्यूरो में कुल 1566 व्यक्ति कार्यरत थे।

महानिदेशक

ई–मेल : dg@bis.org.in
वेबसाइट : www.bis.org.in

- 45th International Training Programme on Standardization and Quality Assurance for developing countries, 9th International Training Programme on Management Systems for developing countries and 3rd International Training Programme on Laboratory Quality Management were held during 2012-13.

- World Standards Day was celebrated on 14 October 2012 to commemorate the establishment of the International Organization for Standardization (ISO). The theme of this year World Standards Day was ***'Less Waste Better Results – Standards Increase Efficiency'***.

- Vigilance Awareness Week was observed from 29 October to 3 November 2012.

- Hindi Pakhwara was celebrated from 14 to 28 September 2012 during which different competitions in Hindi were organized.

- As on 31 March 2013, a total of 1566 persons were on roll of BIS.

Director General

e-mail : dg@bis.org.in
Website : www.bis.org.in

मानक

मानक निर्धारण

भारतीय मानकों के निर्धारण के लिए, भा. मा. ब्यूरो पृथक–पृथक विभाग परिषदों के तहत विषयों के विशिष्ट समूहों संबंधी कार्य के लिए गठित विषय समितियों, उप–समितियों और पैनलों के रूप में तकनीकी समिति–संरचना के माध्यम से कार्य करता है । विषय समितियों, उप–समितियों और पैनलों के साथ–साथ उनकी विभाग परिषदों में भा. मा. ब्यूरो के अधिकारी और संबद्ध विभिन्न संगठनों, जैसे संगठित उपभोक्ता, उपभोक्ता निकायों, नियामक एवं अन्य सरकारी निकायों, उद्योगों, वैज्ञानिकों, प्रौद्योगिकीविदों, परीक्षण संगठनों के प्रतिनिधि तथा वैयक्तिक विशेषज्ञ शामिल होते हैं।

भारतीय मानक(मानकों) के निर्धारण का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के किसी मंत्रालय, राज्य सरकारों, संघ शासित क्षेत्र के प्रशासनों, उपभोक्ता संगठनों, औद्योगिक इकाइयों, उद्योग संघों, पेशेवर निकायों, ब्यूरो सदस्यों तथा इसकी तकनीकी समितियों के सदस्यों द्वारा दिया जा सकता है। संबंधित विभाग परिषद द्वारा प्रस्ताव अनुमोदित हो जाने के बाद भारतीय मानक के निर्धारण के लिए संबंधित विषय समिति उस पर मानक बनाती है ।

सभी 13 विभागीय परिषदों, यथा सिविल इंजीनियरी, रसायन, खाद्य एवं कृषि, इलैक्ट्रोनिक तथा सूचना प्रौद्योगिकी, यांत्रिक इंजीनियरी, चिकित्सा उपस्कर तथा अस्पताल आयोजना, धातुकर्म इंजीनियरी, प्रबंध एवं पद्धति, पेट्रोलियम एवं कोयला संबंधी उत्पाद, उत्पादन एवं सामान्य इंजीनियरी, परिवहन इंजीनियरी, वस्त्रादि और जल संसाधन विभागों ने वर्ष के दौरान बैठकें आयोजित की। विषय समितियों की 209 बैठकों के साथ–साथ बड़ी संख्या में उपसमितियों और पैनलों की बैठकों का भी आयोजन किया गया, जिनमें मानकों के मसौदों और तकनीकी दस्तावेजों पर विस्तार से विचार किया गया ।

भा. मा. ब्यूरो की नवीन प्रौद्योगिकियों पर मानक निर्धारण करने और अप्रचलित मानकों को वापस लेने की नीति है। 2012–13 के दौरान भा. मा. ब्यूरो ने 437 (268 नए और 169 पुनरीक्षित) मानक बनाए, जिससे 31 मार्च 2013 तक लागू मानकों की संख्या 18965 हो गई।

अवधि के दौरान निर्धारित किए गए महत्वपूर्ण मानक के ब्यौरे

बाँस का उपयोग करके ढांचागत डिज़ाइन – रीति संहिता (आईएस 15912 : 2012)

सिविल इंजीनियरी में बाँस के प्रयोग हेतु मानकीकृत डिजाइन एवं निर्माण एप्रोच की आवश्यकता को ध्यान में रखकर बनाया गया है। इस मानक में संरचना के यांत्रिक प्रतिरोध तथा टिकाऊपन के संदर्भ में भवनों में बाँस के संरचनात्मक डिजाइन के सामान्य सिद्धांतों को शामिल किया गया है, इस मानक में गुणता आश्वासन हेतु न्यूनतम सामर्थ्य

STANDARDS

STANDARDS FORMULATION

For formulation of Indian Standards, BIS functions through the Technical Committee structure in terms of Sectional Committees, Subcommittees and Panels set up for dealing with specific group of subjects under respective Division Councils. The Sectional Committees, Subcommittees and Panels as well as their Division Councils include concerned officials of BIS and representatives of various interests such as organized consumers, consumer bodies, regulatory and other government bodies, industries, scientists, technologists, testing organizations and individual experts.

A proposal for formulation of Indian Standard(s) may be submitted by any Ministry of the Central Government, State Governments, Union Territory Administrations, Consumer Organizations, Industrial Units, Industry Associations, Professional Bodies, Members of the Bureau and Members of its Technical Committees. The proposal is taken up for formulation of standards by an appropriate Sectional Committee with approval by the concerned Division Council.

Thirteen Division Councils, namely, Civil Engineering, Chemical, Food and Agriculture, Electronics and Information Technology, Mechanical Engineering, Medical Equipment and Hospital Planning, Metallurgical Engineering, Management and Systems, Petroleum and Coal Related Products, Production and General Engineering, Transport Engineering, Textile and Water Resources Departments met during the year. The meetings of 209 Sectional committees, in addition to large number of Subcommittees and Panels were also held to consider draft standards and related technical documents in detail.

It is the policy of BIS to formulate Indian Standards on emerging technologies and withdraw obsolete standards. During 2012-13 BIS formulated 437 (268 new and 169 revised) standards. The total number of standards in force as on 31 March 2013 was 18965.

Details of Important Standards Formulated During the Period

Code of Practice for Structural Design Using Bamboo (IS 15912: 2012)

The standard was formulated with the need for standardized design and construction approach for use of bamboo in Civil Engineering. This standard covers the general principles involved in the design of structural bamboo in buildings with regard to mechanical resistance and durability of structures.

आँकड़े, आयामीय स्थिरता, ग्रेडिंग अपेक्षाएँ तथा बाँस में पारंपरिक जोड़ों को शामिल किया गया है। इस मानक में ऑनसाइट कार्य, घटकों का ऑफसाइट, फैब्रिकेशन, साइट पर इरेक्शन को उस सीमा तक शामिल किया गया है, जितना डिजाइन नियमों की परिकल्पना और सीमाओं के अनुरूप बाँस की गुणता तथा कारीगरी की गुणता को दर्शाने तथा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है ।

पहिये वाले अग्निशामकों की विशिष्टि – कार्यकारिता एवं संरचना (आईएस 16018 : 2012)

पहिये वाले अग्निशामकों के विभिन्न प्रकारों के निर्माण एवं उन्हें खरीदने हेतु उद्योग एवं उपयोगकर्ताओं को मार्गदर्शन देने की दृष्टि से इस मानक का निर्धारण किया गया है। यह मानक आईएसओ 11601 : 1999 'पहिये वाले अग्निशामक – कार्यकारिता एवं संरचना की विशिष्टि' पर आधारित है। इस मानक का निर्धारण करते समय अग्निशामकों के प्रस्तरन एवं प्रचालन को सहज करने सहित प्रचलित/स्थापित भारतीय रीतियों, स्थानीय दशाओं, सुरक्षा तथा उपयोगकर्ता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्णतः चार्ज किये गये अग्निशामकों के न्यूनतम कुल द्रव्यमान के संदर्भ में कार्यकारिता परीक्षण, तापमान एवं अभिहित चार्ज (क्षमता) के अग्निशामकों के लिए कुछ परिवर्तन किए गए हैं ।

एल्यूमिनो – फेरिक विशिष्टियाँ (आईएस 299 : 2012–पाँचवा पुनरीक्षण)

भारतीय मानक 'आईएस 299 एल्यूमिनो फेरिक–विशिष्टि' वर्ष 1951 में निर्धारित किया गया था। इस मानक को पेयजल पर डब्ल्यूएचओ के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरूप बनाने के लिए पुनरीक्षित किया गया है। इसमें दो अलग–अलग ग्रेड (ग्रेड 4 – ठोस रूप एवं ग्रेड 5 – द्रव रूप) विशेष रूप से पेयजल के प्रयोजन हेतु वांछित जल के उपचार के लिए पुनरीक्षित मानक में शामिल किये गये हैं। निर्दिष्ट सीमा तक भारी धातुओं की उपस्थिति को सीमित रखने के लिए ये अपेक्षाएँ समाविष्ट/अद्यतन की गयी हैं। इसमें सीसा, आर्सेनिक, पारा, कैडमियम इत्यादि की सीमाएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मानक में मैंगनीज, क्रोमियम, सेलेनियम एवं जैविक अशुद्धता की अतिरिक्त अपेक्षाएँ निर्दिष्ट करते हुए जल के उपचार हेतु प्रयुक्त जल में अघुलनशील सामग्रियों, लोहे की अनुमत सीमा, किस्मों की अपेक्षाओं के संदर्भ में भी मानक को अद्यतन किया गया है ।

रासायनिक प्रयोगशालाएँ – सुरक्षा संहिता (आईएस 4209 : 2013–दूसरा पुनरीक्षण)

रासायनिक प्रयोगशाला अन्वेषण करने एवं सीखने का एक स्थल हो सकता है । तथापि, यदि समुचित सावधानियाँ न बरती जाएँ, तो प्रयोगशाला के कार्यों की प्रकृति के कारण यह खतरनाक स्थान हो सकता है, अतः यहां सुरक्षा की व्यवस्था अनिवार्य है ।

It covers minimum strength data, dimensional stability, grading requirements and traditional bamboo joints for quality assurance. Work on site, fabrication of components off-site and their erection on site is covered in this standard to the extent necessary to indicate and ensure the quality of bamboo as a material and standard of workmanship to comply with the assumptions of the design rules and the limitations.

Specification for Wheeled Fire Extinguishers — Performance and Construction (IS 16018:2012)

This standard has been formulated with a view to guide the industries and the users for the manufacture and procurement of various types of wheeled extinguishers. This standard is based on ISO 11601: 1999 'Wheeled fire extinguishers — Performance and construction'. While formulating this standard some variances have been made with respect to minimum total mass of fully charged extinguishers, performance test temperatures and nominal charge (capacity) of the extinguishers, keeping in view prevalent/ established Indian practices, local conditions, safety and user convenience including ease of handling and operation.

Alumino - Ferric Specifications (IS 299: 2012- Fifth revision)

Indian Standard 'IS 299 Alumino Ferric – Specification' was formulated in 1951. This standard has been revised to bring it in line with the WHO guidelines on drinking water. Two separate grades (Grade 4 – solid form and grade 5 – liquid form) have been introduced in the revised standard specifically for treatment of water intended for drinking purposes. Requirements have been incorporated/ upgraded for heavy metals by restricting their presence to specified limits. These include limits for lead, arsenic, mercury, cadmium, etc. In addition, the standard has also been upgraded with respect to the requirements for insoluble matter, permissible limit of iron, varieties used for water treatment by prescribing additional requirements for manganese, chromium, selenium and organic impurities.

Chemical Laboratories – Code of Safety (IS 4209: 2013 - Second revision)

The chemical laboratory can be a place of discovery and learning. However, by the very nature of laboratory work, it can be a place of danger if appropriate precautions aren't taken and therefore a system of safety is essential.

इस पहलू के मद्देनजर भा. मा. ब्यूरो ने वर्ष 1966 में 'आईएस 4209 रासायनिक प्रयोगशालाएँ – सुरक्षा संहिता' प्रकाशित किया है । हाल ही में इस मानक को अद्यतन सुरक्षा रीतियों को ध्यान में रखते हुए स्पिलेज, विद्युत संस्थापन तथा रसायनों के बहुत कम तापमान पर प्रहस्तन सहित सुरक्षित निपटान, असंहत सामग्रियों, सुरक्षा प्रक्रियाओं हेतु सामान्य मार्गदर्शी सिद्धांतों को अद्यतन करने के लिए इसे पुनरीक्षित किया गया है ।

ऊष्मारोधी द्रव – विद्युतीय प्रयोजनों हेतु अप्रयुक्त संश्लिष्ट कार्बनिक एस्टर की विशिष्टि (आईएस 16081 : 2013)

इस मानक में उन ट्रांसफार्मरों, स्विचगियर तथा संबद्ध उपकरण में प्रयोग करने के लिए अप्रयुक्त संश्लिष्ट कार्बनिक एस्टर हेतु विशिष्टियाँ एवं परीक्षण पद्धतियाँ शामिल हैं, जिनमें संश्लिष्ट कार्बनिक एस्टर ऊष्मारोधी के रूप में तथा ताप अंतरण हेतु अपेक्षित होते हैं ।

खाद्य सुरक्षा पर पूर्व–अपेक्षा कार्यक्रम–भाग 1 : खाद्य पदार्थों का विनिर्माण (आईएस / आईएसओ / टीएस 22002–1 : 2009)

यह मानक अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) द्वारा जारी किए गए आईएसओ / टीएस 22002–1 : 2009 'खाद्य सुरक्षा पर पूर्व अपेक्षा कार्यक्रम–भाग 1 : खाद्य पदार्थों के विनिर्माण' के समरूप है। इस मानक में खाद्य सुरक्षा जोखिमों को नियंत्रित करने में मदद हेतु पूर्व अपेक्षा कार्यक्रमों के संस्थापन, कार्यान्वयन तथा अनुरक्षण की अपेक्षाएँ निर्दिष्ट की गई हैं। आकार और जटिलताओं पर ध्यान दिए बिना यह मानक ऐसे सभी संगठनों पर लागू होता है, जो खाद्य श्रृंखला के विनिर्माण क्रम में शामिल हैं तथा आईएसओ 22000 : 2005 में निर्दिष्ट अपेक्षाओं से संबंधित पीआरपी कार्यान्वयन की इच्छा रखते हैं।

एमपीईजी–4 डीटीएच सेवाओं हेतु डिजिटल सेट टॉप बॉक्स – विशिष्टि (आईएस 15954 : 2012)

यह मानक केबल ऑपरेटर जैसे मध्यस्थों के बिना सीधे सब्सक्राइबरों के परिसरों में सैटेलाइट सिस्टम के उपयोग से भेजे गए मल्टी चैनल टेलीविजन कार्यक्रम देखने के लिए सब्सक्राइबरों द्वारा प्रयुक्त डीवीबी–एस ट्रांसमिशन हेतु एमपीईजी–4 कॉम्प्रेशन हेतु डिजिटल सेट टॉप बॉक्स (एसटीबी) की अपेक्षाएँ निर्दिष्ट करता है। इस मानक में सामान्य कार्यकारिता, सुरक्षा तथा विद्युत चुम्बकीय संगतता (ईएमसी) की अपेक्षाएँ निर्दिष्ट हैं ।

मोटर वाहनों के प्रयोग हेतु द्रवित पैट्रोलियम गैस (एलपीजी) कन्टेनर – विशिष्टि (आईएस 14899 – पहला पुनरीक्षण)

यह मानक वाहन नोदन के लिए वाहनों पर स्थायी रूप से लगे तथा उसी स्थिति में मोटर वाहन के लिए द्रवित पैट्रोलियम गैस (एलपीजी) हेतु भरने के लिए सभी वेल्डित इस्पात कन्टेनरों के डिजाइन, निर्माण तथा परीक्षण की अपेक्षाएँ निर्दिष्ट करता है ।

Keeping this aspect in view BIS has brought out 'IS 4209 Chemical laboratories – Code of safety' in the year 1966. This standard has recently been revised to upgrade it with respect to general guideline on safe disposal, incompatible materials and safe procedures to deal with spillage, electrical installations, and handling of chemicals at very low temperature taking into consideration the latest safety practices.

Insulating Liquids – Specifications for Unused Synthetic Organic Esters for Electrical Purposes (IS 16081 : 2013)

This standard covers the specification and test methods for unused synthetic organic esters for use in transformers, switchgear and similar related equipment in which synthetic organic esters are required as an insulant and for heat transfer.

Prerequisite Programmes on Food Safety – Part 1: Food Manufacturing (IS/ISO/TS 22002-1:2009)

This Indian Standard is identical with ISO/TS 22002-1:2009 'Prerequisite programmes on food safety – Part 1: Food manufacturing' issued by the International Organization for Standardization (ISO). This Standard specifies requirements for establishing, implementing and maintaining prerequisite programmes (PRP) to assist in controlling food safety hazards. This Standard is applicable to all organizations, regardless of size or complexities, which are involved in the manufacturing step of the food chain and wish to implement PRP in such a way as to address the requirements specified in ISO 22000:2005.

Digital Set Top Box for MPEG-4 DTH Services-Specification (IS 15954:2012)

This standard specifies the requirements for a digital set top box (STB) for MPEG-4 compression for DVB-S transmission used by subscribers to receive multichannel television programmes transmitted using a satellite system direct to subscriber premises without passing through an intermediary such as a cable operator. This standard specifies General Performance, Safety and Electromagnetic Compatibility (EMC) Requirements.

Liquefied Petroleum Gas (LPG) Containers for Automotive Use – Specification (IS 14899 - First Revision)

This standard specifies the requirements of design, construction and testing of all welded steel containers for automotive liquefied petroleum gas (LPG) for vehicle propulsion, to be fixed permanently on the vehicle and filled in that position.

इस मानक में केवल मोटर वाहनों में प्रयुक्त होने वाले एलपीजी कंटेनरों की सामग्री, डिज़ाइन, निर्माण एवं कारीगरी, वेल्डिंग की आवृत्ति तथा रेडियोग्राफिक जाँच की सीमा, फिटिंग, ओपनिंग, ताप उपचार तथा यांत्रिक परीक्षण का विवरण दिया गया है ।

This standard give details for the material, design, construction and workmanship, the frequency and extent of radiographic examination of welds, fittings, opening, heat treatments and mechanical test of LPG container for automotive use only.

चिकित्सकीय गैस पाइपलाइन पद्धतियों की टर्मिनल इकाइयों से जुड़े प्रवाह मीटरिंग युक्तियाँ (आईएस/आईएसओ 15002:2008)

Flow metering Devices for Connection to Terminal Units of Medical Gas Pipeline Systems (IS/ISO 15002:2008)

चिकित्सीय गैस आपूर्ति पद्धति द्वारा रोगी को सीधे आपूर्ति की जाने वाली चिकित्सा गैस डिलीवरी हेतु प्रवाह मीटरिंग युक्तियाँ व्यापक रूप से प्रयुक्त की जाती हैं। यह आवश्यक है कि इन युक्तियों को तापमान की विभिन्न अवस्थाओं तथा अन्तर्वेशी दाब के तहत सही प्रवाह दें। अतः यह महत्वपूर्ण है इनके लिए प्रचालन संबंधी अभिलक्षण निर्दिष्ट किए जाएँ तथा इन को परिभाषित ढंग से परीक्षण किया जाए।

Flow metering devices are widely used for delivery of medical gases supplied by a medical gas supply system directly to a patient. These devices need to deliver accurate flows under varying conditions of temperature and inlet pressure. Therefore it is important that the operating characteristics be specified and tested in a defined manner.

इस मानक में प्रवाह मीटरिंग युक्तियों सुरक्षा (यांत्रिकी सामर्थ्य, अतिरिक्त दबाव को सुरक्षित ढंग से छोड़ना तथा प्रज्ज्वलन प्रतिरोध) गैस विशिष्टता, साफ–सफाई, सामग्री की उपयुक्तता, परिशुद्धता, परीक्षण, पहचान तथा वितरित सूचना पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है ।

This Standard pays particular attention to safety (mechanical strength, safe relief of excess pressure and resistance to ignition), gas specificity, cleanliness, suitability of materials, accuracy, Testing, identification and information supplied to the flow metering devices.

कार्यस्थल पर सामाजिक दायित्व की अपेक्षाएँ (आईएस 16001 : 2012–पहला पुनरीक्षण)

Requirements for Social Accountability at the Work Place (IS 16001: 2012 - First Revision)

यह मानक पहली बार 2007 में प्रकाशित किया गया। यह प्रमाणन योग्य मानक है जो कार्यस्थल पर संगठन के विभिन्न कार्यों और दायित्वों के प्रभावी निर्वाह से संबंधित संगठन के दायित्वों हेतु निर्धारित किया गया है और यह सभी प्रकार, आकार, स्वामित्व या भौगोलिक रूप से अवस्थित संगठनों पर लागू है। इस मानक के संदर्भ में 'संगठन' शब्द व्यापक परिप्रेक्ष्य में प्रयुक्त किया गया है जो केवल व्यापारिक प्रतिष्ठान तक ही सीमित नहीं है बल्कि इसमें ऐसे सभी सरकारी, शैक्षणिक, चेरिटेबल ट्रस्ट अथवा सोसायटी, उपभोक्ता, उपभोक्ता सहकारी, गैर–सरकारी संगठन और अन्य प्रकार के संघ आते हैं जो अपने दायित्व के निर्वाह के लिए नियमित रूप से या ठेके पर भुगतान देने या अवैतनिक आधार पर कार्मिक रखते हैं ।

This standard was first published in 2007. It is a certifiable standard and deals with the accountability of an organization with regard to effective discharge of its various functions and responsibilities at workplace and is applicable to all organizations irrespective of type, size, ownership or geographical location. In the context of this standard, the word 'organization' is used in a wider perspective which does not only entail a business establishment but any organization, be it Government, Academic, Charitable Trust or Society, Consumer, Co-operative, NGO and Associations of any other kind, which engages personnel for discharge of its duties on a regular or contractual, paid or honorary basis.

इस मानक में भारतीय विशिष्ट अवस्थाओं से संबंधित एवं कार्यस्थल से संबद्ध प्रमुख घटकों की पहचान कर उन्हें इसमें शामिल किया गया है। इस मानक का कार्यान्वयन कार्यस्थल पर ऐसी उत्तम रीतियों को प्रोत्साहन देगा, जो लागू राष्ट्रीय वैधानिक, विनियामक एवं वैधानिक अपेक्षाओं के अनुपालन से भी अधिक व्यापक है ।

In this standard, core elements, which are specific to Indian conditions and relate to the workplace, have been identified and included. The implementation of this standard would promote good practices at the workplace which go beyond mere compliance with the applicable national statutory, regulatory and legal requirements.

देवनागरी लिपि एवं हिंदी वर्तनियाँ – (आईएस 16500 : 2012)

Devnagri Script and Hindi Spellings- (IS 16500:2012)

हिंदी भाषा की देवनागरी लिपि एवं वर्तनियों में एकरूपता लाने तथा उसके विकास हेतु देवनागरी लिपि एवं हिंदी वर्तनियों पर भारतीय मानक बनाना अत्यधिक ज़रूरी था। यह भारतीय मानक 'देवनागरी लिपि एवं

Development of an Indian Standard on Devnagri script and Hindi spellings was very much needed for uniformity and development for Devnagri script and spelling system of Hindi

हिंदी वर्तनियों' पर केन्द्रीय हिंदी निदेशालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पहले से ही विद्यमान प्रकाशन को अपनाकर प्रकाशित किया गया। इस मानक का विषय क्षेत्र 'देवनागरी लिपि एवं हिंदी वर्तनियों' के प्रयोग तक ही सीमित है ।

इससे एक समान अनुप्रयोग हेतु हिंदी भाषा की देवनागरी लिपि एवं वर्तनी प्रणाली के लिए तकनीकी रूप से युक्तियुक्त भारतीय मानक प्रस्तुत किया है। इस मानक से इस विषय संबंधी लम्बे समय से चले आ रहे विवादों के अपेक्षित उपाय उपलब्ध कराने की आशा की जाती है। इससे न केवल भारत बल्कि विश्वभर में शैक्षिक संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों में हिंदी में देवनागरी लिपि का प्रचार करने तथा लिपि तथा वर्तनियाँ पढ़ाने में मदद मिलेगी।

language. This Indian Standard was published by adoption of already existing publication of Central Hindi Directorate, Ministry of HRD, Govt. of India, New Delhi on the 'Devnagri Script and Hindi Spellings'. The scope of this standard is limited to the usage of Devnagari script and Hindi spellings'.

With this, a technically sound Indian Standard has emerged for Devnagri Script and spelling system of Hindi language for uniform application. This standard is expected to provide the required solution to long pending conflicts on this subject. It will also provide a basis for other Devnagri languages. This will also help in propagating the Devnagri Script in Hindi and teaching the script and spellings in educational institutions and universities not only in India but also world over.

उन्नत भूकम्पीय प्रतिरोधिता वाले भवनों तथा संरचनाओं हेतु ढांचागत इस्पात (आईएस 15962 : 2012)

भूकम्प (आँधी और सुनामी) जैसे प्राकृतिक जोखिमों के प्रभाव से संरचनाओं की प्रतिरोधिता के लिए भूकम्परोधी संरचना बनाने पर ज़ोर दिया गया है। इससे संरचनात्मक इस्पात के उपयुक्त ग्रेड की मांग में बढ़ोतरी हुई है। उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए इस मानक में अच्छी वेल्डिंग सुनिश्चित करने के लिए फास्फोरस एवं कम कार्बन के तुल्य जैसे नुकसानदायक तत्वों पर प्रतिबंध के लिए इस्पात प्लेटों, आकृतियों एवं सैक्शन (एंगलों, टी, बीम, चैनल इत्यादि), फ्लैट, छड़ों इत्यादि की अपेक्षाओं को शामिल करने के लिए प्रकाशित किया गया है। ये इस्पात वेल्डकृत, बोल्ट लगी एवं रिवट लगी संरचनाओं के लिए उपयुक्त हैं । इस मानक में शामिल ढांचागत इस्पात का अल्टीमेट तनन सामर्थ्य / लब्धि सामर्थ्य अनुपात पर प्रतिबंध सामग्रियों की प्लास्टिक ऊर्जा अवशोषित करना या एकसमान दीर्घीकरण के लिए मानदंड है जो महत्वपूर्ण सामग्रियों की क्षमता का प्रदर्शन करता है ।

Structural Steels for Buildings and Structures with Improved Seismic Resistance (IS 15962:2012)

In order to resist the structures from the effect of natural hazards like earthquakes (Cyclone and Tsunami), there has been emphasis on the construction of earthquake proof structures and there has been a greater demand for suitable grade of structural steel. Keeping the above in view, this standard was published to cover the requirements of steel plates, shapes and sections (angles, tees, beams, channels, etc), flats, bars, etc, having restriction on harmful elements, such as phosphorus and lower carbon equivalent to ensure good weldability. These steels are suitable for welded, bolted and riveted structures. The structural steel included in this standard specify restriction on Ultimate Tensile Strength/ Yield Strength ratio — an important parameter exhibiting materials capacity to absorb plastic energy or uniform elongation.

बर्तनों एवं रसोई के साधित्रों हेतु कम निकल ऑस्टेनिटिक स्टैनलेस स्टील चद्दरें तथा पत्तियों की विशिष्टि (आईएस 15997 : 2012)

देश में बर्तन और रसोई साधित्रों को कम निकल वाले ऑस्टेनिटिक स्टैनलेस स्टील का प्रयोग करके बड़ी मात्रा में बनाया जाता है। बर्तनों तथा रसोई उपकरणों के निर्माण हेतु कम निकल वाले ऑस्टेनिटिक स्टेनलैस स्टील की चद्दरों एवं पत्तियों के निर्माण को सुकर बनाने हेतु यह मानक तैयार किया गया है ।

Specification for Low Nickel Austenitic Stainless Steel Sheet and Strip for Utensils and Kitchen Appliances (IS 15997:2012)

In the country utensils and kitchen appliances are manufactured in large quantity by using low nickel austenitic stainless steel. The standard was formulated to facilitate manufacture of low nickel austenitic stainless steel sheet and strips for manufacture of utensils and kitchen appliances.

बायो गैस (बॉयोमीथेन) की विशिष्टि (आईएस 16087 : 2013)

बायो गैस (बॉयोमीथेन) मुख्यतः मीथेन गैस है जो सूक्ष्म जीवाणुओं द्वारा जैविक – अपशिष्ट पदार्थों के अवायुजीवी पाचन से पैदा होती है। यह अपशिष्ट–पदार्थों से ईंधन बनाने की अपेक्षाकृत साधारण एवं सस्ती विधि है। यह पशु–गोबर, पशुपालन के अपशिष्ट पदार्थ, खाद्य अपशिष्ट पदार्थ एवं जलमल अपशिष्ट इत्यादि जैसे बॉयोडिग्रेडेबल पदार्थों से निर्मित प्राकृतिक उत्पाद हैं। इसमें प्रमुख तत्व मीथेन है जो लगभग

Specification for Biogas (Biomethane) (IS 16087:2013)

Biogas (Biomethane) is primarily methane gas which is generated from anaerobic digestion of organic wastes by micro organisms. It is relatively simple and economical method to produce a fuel from waste. It is a natural product produced from the biodegradable substrates like cattle dung, poultry waste, food waste, sewage waste etc. It has

50–70 प्रतिशत है लगभग 30–40 प्रतिशत कार्बन डाइआक्साइड, अल्प मात्रा में हाइड्रोजन सल्फाइड एवं नमी होती है। प्रयुक्त पदार्थों पर निर्भर होने के कारण इसमें संघटकों की मात्रा भिन्न–भिन्न हो सकती है ।

यह मानक बायो गैस संघटन, गुणता मानदण्डों, तापीय अनुप्रयोगों, स्थिर गति इंजनों में अनुप्रयोगों, पाइप नेटवर्क के माध्यम से स्वचल वाहनों के अनुप्रयोगों तथा आपूर्ति हेतु सामान्य मार्गदर्शी सिद्धांत उपलब्ध कराता है ।

खड़ंजा डॉगर (आईएस 73 : 2013–चौथा पुनरीक्षण)

इस मानक में पटरियों के निर्माण में बाइंडरों के रूप में प्रयुक्त होने वाले खड़ंजा ग्रेड डामरों के विभिन्न ग्रेडों की अपेक्षाएँ दी गई हैं। डॉमर को 60 डिग्री सेंटीग्रेड पर श्यानता के अनुसार ग्रेडित किया जाता है। इस पुनरीक्षण में 60 डिग्री सेंटीग्रेड पर श्यानता मापन पर बल दिया गया है तथा तद्नुसार 25 डिग्री सेंटीग्रेड पर भेदन की सीमाएँ तय की गई हैं। इस पुनरीक्षण ने डिजाइन अधिकतम वायु तापमान पर आधारित बाइंडर ग्रेड को श्रेणीकृत करके बाइंडर चयन प्रकिया को यथार्थपरक बनाया है। विशिष्टि के अनुपालन के लिए अब तन्यता परीक्षण अनिवार्य नहीं है।

उपभोक्ता सामानों हेतु फास्टनर – सिंथेटिक हूक एवं लूप टेप (आईएस 8156–दूसरा पुनरीक्षण)

प्रौद्योगिकी की उन्नति से सिंथेटिक हूक एवं लूप टेप बहुत विविधता पूर्ण क्षेत्रों में प्रयुक्त की जाती हैं। ये क्रांतिकारी फास्टनर सेफ्टी पिनों के स्थान पर बच्चों के डायपर हेतु प्रयुक्त किए जाने के लिए ज्यादा मुलायम है तथा यहाँ तक कि एयरक्रॉफ्ट एवं स्पेससिपों तथा अब घरेलू फास्टनर के रूप में उपयोग के लिए पर्याप्त मजबूत तथा विश्वसनीय हैं।

यह मानक मूलतः 1976 में जारी किया गया था तथा बाद में 1981 एवं 1994 में पुनरीक्षित किया गया। यह तीसरा पुनरीक्षण भारतीय उद्योग द्वारा अपनाई जाने वाली प्रचलित रीति पर आधारित है। इस मानक में सामग्रियाँ, निर्माण के प्रकारों, निर्माण, कारीगरी एवं फिनिश, कार्यकारिता, रंगाई एवं लेपन की अपेक्षाएँ शामिल की गई हैं। इस वर्तमान पुनरीक्षण में सामग्री, सामर्थ्य एवं सिकुड़न के मानों संबंधी संशोधन शामिल हैं तथा डॉट टीयर सामर्थ्य परीक्षण, अल्ट्रासोनिक सीलिंग रंगाई तथा पैकिंग अपेक्षाओं को जोड़ा गया है ।

कृषि–वस्त्रादि – कृषि एवं बागवानी प्रयोजनार्थ हेतु शेडों की जालियाँ– विशिष्टि (आईएस 16008 : 2012)

शेड की जालियाँ विशेषतः भारत, जैसे देश में कृषि एवं बागवानी अनुप्रयोग के लिए अधिकांशतः प्रयोग की जाती हैं, जहाँ सूर्य की झुलसाने वाली गर्मी फसलों को नुकसान पहुँचाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाती हैं तथा काफी बड़े आर्थिक नुकसान का कारण बनती हैं। वर्षभर धीमे धीमे, किन्तु, निरंतर बढ़ते हुए तापमान सहित विविधता युक्त जलवायु अवस्थाओं में शेड की जालियों की जरूरत काफी बढ़ जाती है।

methane as the main component around 50-70 percent, Carbon dioxide around 30-40 percent, Hydrogen Sulphide and moisture in trace quantities. It varies in composition depending upon the substrates used.

This standard provides general guidelines for the biogas composition, quality parameters, thermal application, applications in stationary engines, automotive applications and supply through piped networks.

Paving Bitumen (IS 73: 2013 - Fourth Revision)

This standard prescribes the requirements of various grades of paving grade bitumen for use as binders in the construction of pavements. Bitumen is graded by viscosity at 60°C. In this revision, emphasis has been given to viscosity measurement at 60°C, accordingly limits for penetration at 25°C has been stipulated. This revision has also rationalized the binder selection process by categorizing the binder grade based on design maximum air temperature. Ductility test is no longer mandatory for specification compliance.

Fasteners for Consumer Goods - Synthetic Hook and Loop Tape (IS 8156 Second Revision)

With the advancement of technology, the synthetic hook and loop tapes are used in more diversified fields. These revolutionary fasteners are gentle enough to be used in baby's diapers replacing safety pins and yet sturdy and reliable enough to be used even in aircrafts and space-ships and now as household fasteners.

This standard was originally issued in 1976 and subsequently revised in 1981 and 1994. This third revision is based on the prevalent practice followed by the Indian industry. The standard covers materials, construction types, manufacture, workmanship, and finish, performance, dyeing and coating requirements. In the present revision, modifications with regard to material, values of strength and shrinkage and addition of dot tear strength test, ultrasonic sealing dyeing and packing requirement have been made.

Specification for Agro Textiles – Shade Nets for Agriculture and Horticulture Purposes (IS 16008:2012)

The shade nets are mostly used for agriculture and horticulture applications particularly in countries like India where the scorching heat of the sun plays a major role in damaging the crops by sun burning and thus causing severe financial losses. The varying climatic conditions throughout the year together with the slow but constant rising temperature in the

शेड जालियाँ दिनभर की तेज गर्मी के एकत्रित होने से बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने व रात के कम होते तापमान को सहने में मदद करती हैं। इससे ऑफ–सीजन में फलों एवं सब्जियों को पकाने में मदद मिलती है। यह हवा से बचाव में ढाल का काम करती है और छोटे पौधों को क्षति से बचाती है।

वस्त्रादि–जूट सैकिंग – सामान्य अपेक्षाएँ (आईएस 9113: 2012–दूसरा पुनरीक्षण)

इस मानक में जूट के सैकिंग तथा बोरों की पारिभाषिक शब्दावली, सामान्य अपेक्षाएँ, पैकिंग, मुहरांकन, नमूना लेना, निरीक्षण तथा अनुरूपता हेतु मानदंड निर्दिष्ट किए गए हैं। इस मानक में भंडारण और एंड उपयोग के दौरान असफलता को न्यूनतम करने के लिए वर्गीकृत बड़े व छोटे दोषों को शामिल किया गया है।

पॉवर हाउस–स्थलों के लिए भू–तकनीकी अन्वेषण – रीति संहिता (आईएस 10060 : 2013–पहला पुनरीक्षण)

देश में पॉवर की बढ़ती मांग के साथ बड़ी संख्या में पॉवर हाउसों का निर्माण किया जा रहा है। इन पॉवर हाउसों की आयोजना, डिजाइन तथा निर्माण की प्रमुख अपेक्षाओं में से एक समुचित एवं पर्याप्त उप–सतह का अन्वेषण है। उप–सतह तथा संबद्ध स्थल अन्वेषण का उद्देश्य इंजीनियर को भूमि की अवस्थाओं के बारे में यथासंभव अधिकतम जानकारी प्रदान करना है। यह मानक जल विद्युत पॉवर हाउस, सतह पर तथा भूमिगत, दोनों के संदर्भ में अपेक्षित, उप–सतह गवेषण के प्रकार, सीमा तथा विवरणों पर दिशा निर्देश देता है। इस प्रकार, यह मानक परियोजना विकास की विभिन्न अवस्थितियों में, गवेषण कार्य की आयोजना के मार्गदर्शी सिद्धांत उपलब्ध कराता है। इन सिफारिशों को निजी परियोजना ध्यान में रखकर संशोधित किया जा सकता है, जो प्रत्येक परियोजना की विशिष्ट स्थल अवस्थाओं तथा अन्य अवस्थाओं, जैसे पॉवर–हाउस की ऊँचाई तथा महत्व तथा नींव निर्माण की विषमता के अनुरूप हों।

मानकों की समीक्षा

आवश्यकतानुसार अपेक्षित होने पर मानकों की समीक्षा की जाती है, परंतु पाँच वर्षों में कम से कम एक बार यह देखा जाता है कि क्या ये मानक अभी भी प्रासंगिक हैं और इन्हें पुनर्पुष्ट करने, पुनरीक्षित करने, इनके संशोधन जारी करने, उन्हें अप्रचलित घोषित करने या वापस लेने संबंधी उपयुक्त कार्यवाही करने पर विचार किया जाता है । वर्ष के दौरान 3734 मानकों की समीक्षा की गई।

सुमेलन

TV spot on ISI Mark and Hallmarking were also telecast for 28 days with effect from 9 Feb 2013 in the Cinema Halls of semi-urban areas.

Radio Spots

Publicity campaign to broadcast 20 second radio spots on ISI Mark and Hallmarking on 37 Vividh Bharati stations and 22 FM stations of All India Radio was undertaken for 45 days with effect from 2 November 2012 through Prasar Bharati Broadcasting Corporation of India.

Rajiv Gandhi National Quality Awards Presentation Ceremony

On this occasion, an advertisement was released on 18 April 2012 on all-India basis and the same was published in 50

इसे प्रकाशित किया गया। भा. मा. ब्यूरो की गतिविधियों के संबंध में वैज्ञानिक 'जी' एवं प्रमुख, प्रमाणन का साक्षात्कार आयोजित किया गया तथा 19 अप्रैल 2012 को ऑल इंडिया रेडियो पर इसे प्रसारित किया गया । रेडियो और टी.वी. चैनलों के माध्यम से इलैक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इस समारोह की कवरेज की गई । इसके अतिरिक्त प्रेस–विज्ञप्ति जारी की गई, जिसे विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया ।

विश्व मानक दिवस समारोह का आयोजन

अखिल भारतीय स्तर पर 15 अक्टूबर 2012 को एक विज्ञापन जारी किया गया तथा विभिन्न स्थानों से 36 समाचार पत्रों में इसे प्रकाशित किया गया । दिनांक 15 अक्टूबर 2012 को विश्व मानक दिवस समारोह आयोजित किया गया तथा कई न्यूज चैनलों द्वारा इसका कवरेज किया गया ।

15 अक्टूबर 2012 को डीडी–1 के कार्यक्रम 'गुड मार्निंग इंडिया' में वैज्ञानिक 'जी' एवं प्रमुख, मानकीकरण का साक्षात्कार आयोजित किया गया तथा आईएसआई मुहर पर वैज्ञानिक 'जी' एवं प्रमुख, मानकीकरण का दूसरा साक्षात्कार एआईआर के राष्ट्रीय चैनल पर उनके कार्यक्रम 'उपभोक्ता और मानक चिह्न' तथा एफएम चैनल पर प्रसारित किया गया ।

दिनांक 15 अक्टूबर 2012 को एक प्रेस नोट जारी किया गया तथा इसे कई प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित कराया गया।

हॉलमार्किंग / आईएसआई मुहर पर जिंगल

हॉलमार्किंग एवं आईएसआई मुहर पर उपभोक्ता जागरूकता के लिए जिंगल 20 जून से 19 अगस्त 2012 तक 139 रेल संपर्क पर चलाया गया ।

आउटडोर प्रचार अभियान

रेलवे स्टेशनों (दिल्ली जोन), बस क्यू शेल्टरों (दिल्ली जोन), इलैक्ट्रोनिक डिस्प्ले (दिल्ली), एनीमेशन डिस्प्ले (अखिल भारतीय), एलसीडी स्क्रीन के होर्डिंगों तथा बैकलाइट ग्लो साइन रेलवे स्टेशन (राजस्थान), बस पैनलों पर पूरे भारत में, मुंबई एवं कोलकाता में कॉयस्कों पर, कोलकाता में यातायात सिग्नलों, रेलवे ब्रिज पैनलों (यूनीपोल), रेलवे भूमि पर फ्रंट लिट पैनलों, बस क्यू शेल्टरों यूनीपोल, राजमार्गों पर बैकलिट यूनीपोल इत्यादि के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता हेतु एक माह की अवधि के लिए आईएसआई मुहर एवं हॉलमार्किंग पर आउटडोर प्रचार अभियान चलाए गए ।

मेट्रो रेल

एक माह के लिए मेट्रो के भीतरी पैनलों, मेट्रो रेल डिस्प्ले बोर्ड और दिल्ली मेट्रो रेल के विभिन्न स्टेशनों पर उपलब्ध जनसुविधाओं पर आईएसआई मुहर और हॉलमार्किंग का प्रचार किया गया।

प्रिंट मीडिया

सितम्बर 2012, नवम्बर, 2012, जनवरी 2013 और मार्च 2013 के दौरान अखिल भारतीय स्तर पर स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग पर

newspapers from various places. An interview of Sc-G and Chief Certification was organized with regard to BIS activities and same was which was broadcast on All India Radio on 19 April 2012. The function was covered by electronic media through Radio and TV Channels. Besides, press release was issued which was published by various newspapers.

World Standards Day Celebrations

On this occasion, an advertisement was released on 15 October 2012 on all-India basis and the same was published in 36 newspapers from various places. The function of World Standards Day was held on 15 October 2012 was covered by many news channels.

An interview of Scientist-G and Chief Standardization was telecast live on DD-I in the programme 'Good Evening India' on 15 October 2012. Another interview of Sc-G and Chief Standardization on ISI Mark was broadcast in their programme 'Upbhokta Aur Manak Chinh' at National Channel of AIR and FM Channel.

A Press Note was released on 15 October 2012 and the same was published by many leading newspapers.

Jingle on Hallmarking/ISI Mark

Jingles on Hallmarking and ISI Mark were run on 139 Rail Sampark with effect from 20 June to 19 August 2012 for consumer awareness.

Outdoor Publicity Campaign

An outdoor publicity campaign was undertaken on ISI Mark and Hallmarking through Hoardings and Backlit Glow sign at Railway stations (Delhi zone), Bus Queue Shelters (Delhi zone), Electronic Display (Delhi), Animation Display (All India), LCD Screens at Railway stations (Rajasthan), Bus Panels (All India), Front lit Bridge Panels on Railway lands, Bus Queue Shelters (All India), Kiosks at Mumbai and Kolkata, Traffic Signal at Kolkata, Railway Bridge Panels (Unipole), Backlit Unipole on Highway, etc. for consumer awareness for a period of one month.

Metro Rail

Publicity on ISI Mark and Hallmarking was undertaken through Metro Inside Panels, Metro Rail Display Boards and Public Utility Metro Rail at different stations of Delhi Metro Rail for a period of one month.

Print Media

An advertisement campaign on Hallmarking of Gold Jewellery was released during September 2012, November

एक विज्ञापन अभियान जारी किया गया। जुलाई 2012 और नवम्बर 2012 के दौरान आईएसआई मुहर पर विज्ञापन अभियान जारी किया गया।

'खाद्य सुरक्षा संगोष्ठी– मानकों की भूमिका' से संबंधित विज्ञापन निम्नलिखित विवरण के अनुसार भारत के विभिन्न स्थानों पर और संबद्ध क्षेत्रों के विभिन्न समाचार–पत्रों में जारी किए गए:

1. 28 मई 2012 को कोच्चि में
2. 20 जून 2012 को चेन्नई में
3. 25 जून 2012 को मुंबई में
4. 10 जुलाई 2012 को कोलकाता में
5. 12 दिसम्बर 2012 को नई दिल्ली में

भा. मा. ब्यूरो की विभिन्न गतिविधियों पर भी विभिन्न पत्रिकाओं में विज्ञापन जारी किए गए। विभिन्न समाचार–पत्रों में निविदा सूचना विज्ञापन भी जारी किए गए।

राष्ट्रीय संगोष्ठी की कवरेज

12 दिसम्बर 2012 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 'खाद्य सुरक्षा – मानकों की भूमिका' पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका उदघाटन भारत के माननीय राष्ट्रपति ने किया। इस समारोह को लगभग 19 समाचार चैनलों ने भी कवर किया। डीडी नेशनल तथा ऑल इंडिया रेडियो पर इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया।

क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से प्रदर्शनियों में भागीदारी

भा. मा. ब्यूरो ने 15 दिसम्बर 2012 से 31 जनवरी 2013 को केरल में आयोजित ग्रांड केरल शॉपिंग फेस्टीवल में हिस्सा लिया। महोत्सव के दौरान ग्लोबल विलेज में होर्डिंग, डिसप्ले बोर्डों इत्यादि के माध्यम से उपभोक्ता जागरूकता के लिए हॉलमार्क आभूषणों का विशेष प्रचार किया गया।

मानकों एवं अन्य प्रकाशनों की बिक्री

ब्यूरो ने मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों और शाखा कार्यालयों के 18 बिक्री केंद्रों के माध्यम से भारतीय मानक और विशेष प्रकाशनों की बिक्री की। पंजीकृत पुस्तक विक्रेताओं के माध्यम से भी बिक्री की गई। भा. मा. ब्यूरो भारत में भी विदेशी मानकों (आईएसओ, आईईसी, बीएसआई लंदन, डीआईएन जर्मनी, जीआईएस जापान) की बिक्री करता है।

भा. मा. ब्यूरो ने ई–पोर्टल द्वारा भारतीय मानकों की बिक्री आरंभ की थी। मानकों को भा. मा. ब्यूरो के ई–पोर्टल से सॉफ्ट कॉपी के रूप में डाउनलोड किया जा सकता है अथवा ई–पोर्टल द्वारा हार्ड कॉपी के लिए भी क्रय आदेश दिया जा सकता है। दोनों ही मामलों में क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड द्वारा पोर्टल पर भुगतान किया जा सकता है। भा. मा. ब्यूरो ने उन ग्राहकों के लिए भी प्रणाली आरंभ की जिनकी ई–खरीद रू. 50,000 से अधिक की हो। ऐसे ग्राहक डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर द्वारा भी भुगतान कर सकते हैं। भा. मा. ब्यूरो के खाते में सीधे हस्तांतरण द्वारा भी ग्राहक मानकों हेतु भुगतान कर सकते हैं।

2012, January 2013 and March 2013 on all-India basis. An advertisement campaign on ISI Mark was released during July 2012 and November 2012.

Advertisements were released regarding 'Food Safety Seminars – Role of Standards', held at various places in India, in different newspapers of respective regions as per details given below:

i) On 28 May 2012 at Kochi.
ii) On 20 June 2012 at Chennai
iii) On 25 June 2012 at Mumbai.
iv) On 10 July 2012 at Kolkatta
v) On 12 December 2012 at New Delhi.

Advertisements on various activities of BIS were also released in different magazines. Tender Notice advertisements were also published in different newspapers.

Coverage of National Seminar

The National Seminar on 'Food Safety – Role of Standards' was held on 12 December 2012 at Vigyan Bhavan, New Delhi which was inaugurated by Hon'ble President of India. The event was telecast live by DD National and All India Radio. The function was also covered by around 19 News channels.

Participation in Exhibitions through Regional Offices

BIS participated in Grand Kerala Shopping Festival (GKSF) held during 15 December 2012 - 31 January 2013 at Kerala. During this festival, exclusive publicity on hallmarked jewellery was undertaken for consumer awareness through hoardings, display boards etc. inside the Global Village.

SALE OF STANDARDS AND OTHER PUBLICATIONS

The Bureau sells Indian Standards and Special publications through 18 sales outlets at Headquarters, Regional offices and Branch Offices. Sale is also done through registered booksellers. BIS also sells foreign standards (ISO, IEC, BSI London, DIN Germany, JIS Japan) in India.

BIS had started sale of Indian Standards through e-portal. Standards can be downloaded from BIS e-portal in the form of soft copy or order for hard copy can also be placed through the e-portal. Payment in both the cases can be made over the portal through credit/debit card. BIS had also introduced a system for customers whose e-purchase is more than ₹ 50 000, can pay through demand draft/pay order. Customers can also make payment for standards through trunk transfer in BIS bank account directly.

भारतीय मानक पूरे सेट के रूप में अथवा सिविल इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, यांत्रिक इंजीनियरिंग, टैक्सटाइल इत्यादि जैसे 14 क्षेत्रों के अलग-अलग विशेष सेटों के रूप में डीवीडी पर भी लीजिंग के लिए उपलब्ध है।

ग्राहकों की सुविधा के लिए भा. मा. ब्यूरो के ई-पोर्टल www.standardsbis.in से जुड़ा एक टच स्क्रीन कॉयस्क मुख्यालय के बिक्री विभाग में लगाया गया है। ग्राहक इस पर अपनी आवश्यकता के मानक, मानकों का मूल्य, विषयक्षेत्र, संशोधन इत्यादि देख सकते हैं। इसी प्रकार की सुविधा भा. मा. ब्यूरो के क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के सत्रह बिक्री केंद्रों पर उपलब्ध कराने की संभावनाओं का भी पता लगाया जा रहा है।

हिंदी गतिविधियाँ

भारतीय मानक ब्यूरो सरकार की राजभाषा नीति का कार्यान्वयन राजभाषा अधिनियम, 1963, राजभाषा नियम, 1976 और मंत्रालय, राजभाषा विभाग तथा संसदीय राजभाषा समिति के निर्देशों के अनुसार करता है। इन नियमों और निर्देशों के अनुसार ब्यूरो राजभाषा के संबंध में हिंदी कार्यान्वयन, मानकों का अनुवाद, सामान्य अनुवाद और तिमाही हिंदी पत्रिका के प्रकाशन का कार्य करता है। रिपोर्टगत अवधि के दौरान ब्यूरो ने इन सभी कार्यों में प्रगति जारी रखी जिनका विवरण निम्नानुसार है:

क. **हिंदी कार्यान्वयन**– इस गतिविधि के अंतर्गत ब्यूरो ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अपनी चारों बैठकें नियमित रूप से करके उनमें हिंदी कार्यान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्णय लिए और उनका अनुपालन सुनिश्चित कराया। मंत्रालय को हिंदी की चारों तिमाहियों की प्रगति रिपोर्ट समय पर भेजी। अवधि के दौरान ब्यूरो के विभिन्न कार्यालयों में 10 हिंदी कार्यशालाएँ आयोजित की गईं, जिनमें लगभग 170 कर्मचारियों को हिंदी टिप्पण एवं आलेखन में प्रशिक्षित किया गया तथा हिंदी की प्रोत्साहन योजनाओं, मानकों के अनुवाद नियमों इत्यादि की जानकारी दी गई।

ख. **हिंदी पखवाड़ा**– 14 सितम्बर से 28 सितम्बर 2012 तक ब्यूरो मुख्यालय में हिंदी पखवाड़ा मनाया गया, जिनमें हिंदी संबंधी छह प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में विजयी रहने वाले प्रतियोगियों को 28 सितम्बर 2012 को आयोजित किए गए पुरस्कार समारोह में पुरस्कार दिए गए।

The Indian Standards are also available on DVD as a complete set or 14 sector specific sets like Civil Engineering, Electrical Engineering, Mechanical Engineering, Textiles, etc for leasing.

For the ease of customers, a touch screen kiosk, connected to BIS e-portal www.standardsbis.in, has been installed at Sales Department, HQ. The customer can search the standard of their requirement, see the price of standards, scope, amendments, etc. Possibility is also being explored to provide similar facilities at all seventeen sales outlets at Regional and Branch Offices of BIS.

HINDI ACTIVITIES

Bureau of Indian Standards implements the Official Language policy of Government of India as per The Official Language Act, 1963, The Official Language Rules, 1976 and instructions received from the Ministry, the Department of Official Language and Committee of Parliament on Official Language. In compliance of these rules and instructions, BIS executes implementation of Hindi, standard translation and general translation work. During the period under review, the Bureau continued to progress in these areas, details of which are as under:

a) **Hindi implementation** –Four quarterly meetings of Hindi Implementation Committee were held in time. Necessary decisions regarding Hindi implementation were taken and follow up actions were ensured. Four quarterly progressive reports of Hindi were sent to the Ministry in time. During the period, 10 Hindi workshops were held in which about 170 officials were trained in noting and drafting in Hindi and were informed about Hindi Incentive schemes, standards translation, the rules etc.

b) **Hindi Pakhwara** - Hindi fortnight was celebrated in Bureau during 14-28 September 2012, in which six competitions regarding Hindi were organized. Successful participants were awarded at the Award Function held on 28 September 2012.

ग. **प्रोत्साहन योजना**– भा. मा. ब्यूरो भारत सरकार की सभी प्रोत्साहन योजनाएँ जैसे हिंदी टिप्पण एवं आलेखन की नकद पुरस्कार योजना, हिंदी प्रोत्साहन भत्ता योजना, राजभाषा शील्ड योजना आदि सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन किया। कम्प्यूटरों पर द्विभाषी सुविधा सुनिश्चित करने के लिए समय–समय पर कार्यवाही की गई।

घ. **हिंदी कैडर**– हिंदी कैडर एवं पदों के सृजन संबंधी प्रस्ताव मंत्रालय में कार्यवाही हेतु भेजा गया।

ङ. **निरीक्षण**– अवधि के दौरान संसदीय राजभाषा समिति ने ब्यूरो के उत्तर क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़, नागपुर और फरीदाबाद शाखा कार्यालयों का निरीक्षण किया और कार्यालय द्वारा अधिकाधिक कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की प्रगति की सराहना की। जिसके संबंध में भी आवश्यक कार्यवाही की गई। ब्यूरो के 10 क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के हिंदी कार्यों का निरीक्षण किया गया।

च. **मानक एवं सामान्य अनुवाद** – मानकों के अनुवाद में तेज़ी लाने के लिए ब्यूरो ने विभिन्न प्रकार के कार्य किए, जिनसे बाहर के अनुवादकों के ट्रायल वर्क की जांच की गई तथा पैनल में और अधिक अनुवादकों को शामिल करने की कार्यवाही की गई। अनुवाद इत्यादि की वर्तमान दरें बढ़ाने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों, प्राइवेट एजेंसियों और व्यक्तियों से अनुवाद की दरें प्राप्त की गईं। अवधि के दौरान 9 मानकों का अनुवाद किया गया, 4 मानकों की वेटिंग की गई और 4 मानकों की प्रेस प्रतियां प्रकाशन के लिए भेजी गईं। इस वर्ष 7 मानकों का हिंदी में प्रकाशन किया गया। मानक अनुवाद के काम में तेज़ी लाने के लिए अनुवाद एवं वेटिंग कार्य की दरों में संशोधन के लिए बनाई गई समिति ने सिफारिश प्रस्तुत की थी। कार्यकारिणी समिति के अनुमोदन के पश्चात संशोधित दरें लागू की गईं। इसके अतिरिक्त मानकों के 380 शीर्षकों को द्विभाषी किया गया। मानकों के कार्य को सुगम बनाने के लिए ब्यूरो की वैज्ञानिक एवं तकनीकी शब्दावली की नई प्रतियां ब्यूरो के सभी कार्यालयों को वितरित की गईं। इसके अतिरिक्त ब्यूरो द्वारा वार्षिक रिपोर्ट, हॉलमार्किंग, विश्व मानक दिवस, राजीव गांधी गुणता पुरस्कार, संसदीय स्थायी समिति, गजट अधिसूचना, अधिनियम, नियम एवं विनियम, समझौता ज्ञापन इत्यादि से संबंधित 625 पृष्ठों का अनुवाद किया गया।

छ. **हिंदी सलाहकार समिति और नगर राजभाषा समिति (मध्य) की बैठकों में भागीदारी** – भा. मा. ब्यूरो ने दिसम्बर 2012 में दिल्ली में हुई हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में हिस्सा लिया और बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन सुनिश्चित किया। भा. मा. ब्यूरो ने राजभाषा विभाग की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में भी भाग लिया और बैठक में लिए गए निर्णयों का अनुपालन किया।

ज. **हिंदी पुस्तकों की खरीद** – वर्ष के दौरान हिंदी पुस्तकों क्रय समिति की बैठक आयोजित की गई और हिंदी पुस्तकों की खरीद पर 50 प्रतिशत व्यय का लक्ष्य हासिल किया गया।

c) **Incentive Schemes** – BIS has implemented all incentive schemes of GOI such as Cash Incentive Scheme of Hindi Noting and Drafting, Hindi Incentive Allowance Scheme, Hindi Typing and Stenography scheme, Rajbhasha Shield Scheme. Actions were also taken from time to time to ensure the bilingual facility on computers.

d) **Hindi Cadre** - The proposal regarding Hindi Cadre and Creation of Posts was forwarded for further action to the Ministry.

e) **Inspection** - During the year, Committee of Parliament on Official Language inspected Northern Regional Office, Chandigarh, Nagpur and Faridabad Branch Office of BIS and appreciated the progress made by the office in use of Hindi in official work. Inspection of Hindi work of 10 Regional/Branch offices of BIS was carried out.

f) **Standards and General translation work** – In order to accelerate translation works of Indian Standards, BIS took a number of steps which include vetting of translation of trial works of outside translators and actions were taken for including more number of translators in the panel. Hindi typing rates were also obtained from various Government Departments, private agencies and individuals for increasing current rates of translation etc. 9 standards were translated, 4 standards were vetted and press copy of 4 standards were sent for publishing. 7 standards in Hindi were published this year. In order to accelerate the standard translation work, rates for translation and vetting work were recommended by the committee constituted for the purpose. The revised rates have been implemented after approval of EC. Besides this, about 380 titles of standards were also made bilingual. Fresh copies of Consolidated Glossary of Scientific and Technical Terms of Bureau were distributed to all the offices of Bureau to facilitate translation work of standards. In addition BIS translated approximately 625 pages related to Annual Report, Hallmarking, World Standards Day, Rajiv Gandhi National Quality Award, Parliamentary Standing Committee, Gazette Notifications, Act, Rules and Regulations, MOU's, Training etc.

g) **Participation in Hindi Advisory and Town Official Language Committee (Central)** – BIS Participated in meetings of Ministry's Hindi Advisory Committee held at Delhi in December 2012 and ensured the compliance of decisions taken in the meeting. BIS also participated in the Town official Language Implementation Committee of Department of Official Language and adhered to the decisions taken in the meeting.

h) **Purchase of Hindi Books** - During the year a meeting of Hindi Book purchase committee was organized and the target of 50% expenditure on Hindi books was also achieved.

विदेशी भाषाएँ और प्रकाशन

भा. मा. ब्यूरो का प्रकाशन विभाग 1949 से आईएसआई बुलेटिन के नाम से और अब स्टैंडर्ड्स इंडिया के नाम से प्रकाशित मासिक पत्रिका के माध्यम से वैज्ञानिक, तकनीकी, औद्योगिक और व्यापारिक क्षेत्र में मानकीकरण आंदोलन को गति एवं बढ़ावा देने का कार्य करता है। स्टैंडर्ड्स इंडिया देश और विदेश में मानकीकरण के कार्यों की विचारोत्तेजक व्याख्या और समीक्षा करता है। इसमें मानकों के पुनरीक्षण, संशोधन और वापिस लेने संबंधी तथा नए, वर्तमान या मसौदा चरण संबंधी सारी जानकारी माह के दौरान दी जाती है।

विभाग द्वारा निम्नलिखित शीर्षकों वाला कैटलॉग वर्ष में प्रकाशित किया जाता है।

क) भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा 31 दिसम्बर तक अद्यतन प्रकाशित भारतीय मानक

ख) भारतीय मानकों के रूप में अपनाए गए भारतीय मानक

ग) हिन्दी में भारतीय मानक (अनुवाद),

घ) विशेष प्रकाशन, संदर्भ और गणना सहायक तथा

ङ.) कैटलॉग में सूचीबद्ध सभी प्रकाशनों की अनुक्रमणिका

यह विभाग मुद्रण एवं अन्य तकनीकी विभागों द्वारा नए एवं संशोधित मानकों और पुनर्पुष्ट/वापिस लिए गए भारतीय मानकों पर उपलब्ध कराई गई सूचना से भारतीय मानकों/अन्य प्रकाशनों की प्रगति की विषयसूची का प्रकाशन करता है। सभी नए/संशोधित भारतीय मानकों/प्रकाशनों और तकनीकी विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गए संशोधनों में सॉफ्ट प्रतियों का पीडीएफ प्रारूप का रख–रखाव भी विभाग करता है। इस सूचना का प्रयोग वेबसाइट www.standardsbis.in पर भारतीय मानकों की इलेक्ट्रॉनिक बिक्री को अद्यतन करने के लिए भी किया जाता है।

भा. मा. ब्यूरो के पास सभी प्रकाशनों के कॉपीराइट (सर्वाधिकार) सुरक्षित हैं और भारतीय मानकों से सार–संक्षेप पुनरूत्पादित करने के अनुरोध विभाग को अग्रेषित किए जाते हैं। आईएसओ/जन. 19 : 1999 'पुस्तकों में आईएसओ 'गाइडलाइन्स फॉर ग्रान्टिंग कॉपीराइट एक्सप्लॉइटेशन राइट्स टू थर्ड पार्टीस् फॉर आईएसओ स्टैन्डर्ड्स् इन बुक्स' मानकों के लिए तीसरे पक्षकारों को कॉपीराइट के उपयोग के अधिकार सौंपने हेतु मार्गदर्शी सिद्धांत' से अपनाई गई प्रक्रिया विधियों पर आधारित तकनीकी सत्यापन और परिकलन के बाद कॉपीराइट प्रभारों के भुगतान पर विभाग द्वारा आवेदक को अनुमति प्रदान की जाती है।

विभाग विभिन्न विभिन्न भारतीय (हिंदी को छोड़ कर) और विदेशी भाषाओं से अंग्रेजी अथवा विलोमतः तकनीकी प्रलेखों, मानकों और अन्य सामग्री में अनुवाद सेवाएँ भी प्रदान करता है। विभिन्न तकनीकी समितियों और उद्योग से अनुरोध नियमित रूप से प्राप्त होते हैं। विभाग द्वारा उन देशों में भी पारस्परिक संवाद की सुविधा दी जाती है, जहाँ जर्मन या फ्रांसीसी भाषा बोली जाती है।

FOREIGN LANGUAGES AND PUBLICATIONS

The Publication Department of BIS handles the projection and promotion of the standardization movement in scientific, technical, industrial and business circles through the monthly journal – Standards India, the erstwhile ISI Bulletin which dates back to 1949. Standards India presents a stimulating commentary and review of the standardization effort at home and abroad. It also contains information related to all amendments, alterations and withdrawal of standards, new, existing or in the draft stage issued during the month.

A catalogue containing titles of following is published annually by the department.

a) Indian Standards published by BIS updated up to the 31st December,

b) International Standards adopted as Indian Standards,

c) Indian Standards in Hindi (translation),

d) Special publications, reference and calculation aids and

e) Index corresponding to all publications listed in the catalogue

The Department publishes the incremental index file for Indian Standards/other publications from the information provided by the Printing Department and various technical departments on new and revised standards as well as reaffirmation/withdrawal of Indian Standards. Soft copies in Pdf format for all new/ revised Indian Standards/ publications as well as amendments provided by technical departments is also maintained in the department. This information is utilized for updating the electronic sale of Indian Standards on the website www.standardsbis.in .

BIS has the copyright to all its publications and requests for reproducing extracts from Indian Standards are forwarded to the department by authors of technical books. After technical verification and calculations based on the procedures adopted from ISO: GEN 19:1999 'Guidelines for Granting Copyright Exploitation Rights to Third Parties for ISO Standards in Books', the department grants permission to the applicant on payment of the copyright charges.

Translation services were provided by the department for translation of technical documents, standards and other material from various Indian (other than Hindi) and foreign languages into English or vice-versa. Regular requests were received from various technical committees as well as from the industry. The department also facilitates interaction with countries where German or French language is spoken.

प्रमाणन

उत्पाद प्रमाणन

भा. मा. ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन योजना का प्रचालन करता है जो कि भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों एवं विनियमों द्वारा नियंत्रित की जाती है। उत्पाद पर मानक मुहर (आईएसआई के रूप में लोकप्रिय) का लगा होना यह दर्शाता है कि उत्पाद संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप है। भा. मा. ब्यूरो किसी विनिर्माता को लाइसेंस प्रदान करने से पूर्व विनिर्माता के पास आवश्यक अवसंरचना तथा क्षमता की उपलब्धता का होना सुनिश्चित करता है और संबद्ध भारतीय मानक के अनुरूप बने उत्पाद की सतत रूप से जाँच करता है। उत्पादन स्थल और बाजार से भी नमूने लिए जाते हैं और स्वतंत्र प्रयोगशाला में संबद्ध भारतीय मानक से उनकी अनुरूपता की जांच सुनिश्चित कराई जाती है।



आकृति 1 – भा. मा. ब्यूरो उत्पाद प्रमाणन लाइसेंस स्वीकृत किए

Fig. 1 - BIS Product Certification Licences granted

प्रमाणन योजना मूलतः स्वैच्छिक प्रकृति की है, परंतु जनहित में बहुत सी उत्पादों को भा. मा. ब्यूरो अधिनियम के अतिरिक्त सरकार के विभिन्न वैधानिक उपायों जैसे खाद्य निरापदता तथा मानक अधिनियम; आवश्यक सामग्री अधिनियम; भारतीय विस्फोटक अधिनियम; परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड; पर्यावरण संरक्षण अधिनियम; शिशुओं हेतु दुग्ध विकल्पी, दूध पिलाने की बोतल और शिशु आहार अधिनियम; आदि के माध्यम से इसे अनिवार्य बनाया गया है। अनिवार्य प्रमाणन योजना में शामिल कुछ वस्तुओं जैसे एलपीजी सिलिंडर; दूध पाउडर; संघनित दूध, नवजात शिशुओं के लिए धान्य आधारित आहार; मलाई रहित दूध पाउडर, नवजात शिशुओं के लिए दूध विकल्पी सामग्री हेक्सेन खाद्य ग्रेड, डॉक्टरी थर्मामीटर; पैकेजबंद पेयजल, प्राकृतिक खनिज जल, बिजली की इस्तरी और निमज्ज्य वाटर हीटर की सुरक्षा अपेक्षाएँ; केबल; स्विच; बल्ब और सीएफएल; सर्किट ब्रेकर; ऊर्जा मीटर; शुष्क बैटरियां; इस्पात पाइप; तेल बाथ स्टोव; एक्सरे उपकरण; दूध पिलाने



आकृति 2 – प्रचालित लाइसेंसों की संख्या (31 मार्च को)

Fig. 2 - Number of Operative Licences (as on 31 March)

CERTIFICATION

PRODUCT CERTIFICATION

BIS operates a product certification scheme, which is governed by The Bureau of Indian Standards Act, 1986 and rules and regulations framed there under. Presence of BIS standard mark (popularly known as ISI mark) on product indicates conformity to the relevant Indian standard. Before granting licence to any manufacturer, BIS ascertains the availability of required infrastructure and capability of the manufacturer to produce and test the product conforming to the relevant Indian standard on a continuous basis. Samples are also drawn from the production line as well as from market and got tested in independent laboratories to ensure their conformance to the relevant Indian standard.

The certification scheme is basically voluntary in nature, but for a number of products, in public interest, it has been made mandatory by the central government through various statutory measures such as The Food Safety and Standards Act; The Essential Commodities Act; The Indian Explosive Act; The Atomic Energy Regulation Board; The Environment Protection Act; The Infant Milk Substitutes, Feeding Bottles and Infant Food Act; besides the Bureau of Indian Standards Act. Some of the items brought under mandatory certification are LPG Cylinders; Milk Powder; Condensed Milk; Cereal Food for Infant; Skimmed Milk Powder, Infant Milk Substitute, Hexane Food Grade, Clinical Thermometers; Packaged Drinking Water, Natural Mineral Water; Safety requirements for Electric Iron and Immersion Water Heater; Cables; Switches; Electric Lamps and CFLs; Circuit Breakers; Energy Meters, Dry Batteries; Steel Tubes; Oil Pressure

की प्लास्टिक की बोतलें; सीमेंट; इस्पात एवं इस्पात के उत्पाद; सामान्य प्रयोजन के डीजल इंजन, मोटर वाहनों के लिए हवा भरे टायर एवं ट्यूब, केंद्रीकृत कास्ट डक्टाइल आयरन प्रेशर पाइप, प्रेशर पाइपों के लिए डक्टाइल आयरन फिटिंगें, सामान्य प्रयोजनों के लिए समगति काम्प्रेशन (इग्नीशन) डीजल इंजन इत्यादि।

वर्ष 2012–13 में भा. मा. ब्यूरो की उत्पाद प्रमाणन योजना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष के दौरान कुल 2964 नए लाइसेंस दिए गए। जिनमें पहली बार योजना में शामिल किए गए 09 उत्पाद भी शामिल हैं। ये उत्पाद हैं : आईएस: 4835 लकड़ी हेतु पॉलीविनाइल एसीटेट विसरण आधारित संजक, आईएस:5206 स्टेनलैस इस्पात और ऐसी ही मिश्रधातु इस्पात की मैनुअल आर्क वेल्डिंग हेतु आवरित इलेक्ट्रोड, आईएस: 7180 कृत्रिम गर्भाधान हेतु डिस्पोसिबल दस्ताने, आईएस:14756 भोजन पकाने के स्टेनलैस इस्पात के बर्तन, आईएस:14605 सिंचाई उपस्कर माइक्रो स्प्रेअर, आईएस 15240 प्रोफीनोफॉस पायसनीय सान्द्र, आईएस 14443 पॉलीकार्बोनेट चद्दर, आईएस: 15601साइमोऑक्सेनिल 8% + मेनकोजेब 64% डब्ल्यूपी, आईएस 15476 बम्बू मेट नालीदार चद्दर है।

भा. मा. ब्यूरो प्रमाणन मुहर योजना के अंतर्गत शामिल कुल भारतीय मानकों की संख्या 1065 है।

31 मार्च 2013 को लागू लाइसेंसों की संख्या बढ़कर 26357 हो गई है।

उत्पाद प्रमाणन योजना के अंतर्गत प्रचालित लाइसेंसों / आवेदकों का आँकलन

लाइसेंसों के प्रचालन को मॉनीटर करने के लिए वर्ष के दौरान 25092 निरीक्षण, 11811 लॉट निरीक्षण हेतु दौरे किए गए और (बाजार से खरीदे नमूनों सहित) स्वतंत्र परीक्षण के लिए 32492 नमूने लिए गए। सीमित श्रम शक्ति के कारण भा. मा. ब्यूरो ने निगरानी –निरीक्षण का कार्य बाहरी एजेंसियों को आउटसोर्स किया है। एजेंट नियुक्त किए गए हैं और उनके साथ करार किए गए हैं। प्रशिक्षण दिया गया है और विस्तृत मार्गदर्शिका जारी की गई है। आशा है कि इससे लाइसेंसधारियों को बेहतर सेवाएँ मिलेंगी और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा होगी।

प्रमाणन प्रचालन की समीक्षा

भारतीय मानक ब्यूरो की प्रमाणन मुहर योजना के प्रचालन के बारे में फीडबैक प्राप्त करने के लिए प्रचालन के प्रमुख क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले लाइसेंसधारियों के साथ नियमित तौर पर समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। वर्ष 2012–13 के दौरान लाइसेंसधारकों के साथ 5 समीक्षा बैठकें आयोजित की गई। इन बैठकों में पैकेजबंद पेय जल; इस्पात एवं इस्पात उत्पाद जूट और जूट उत्पाद इत्यादि की समीक्षा की गई।

आयातित उत्पादों का प्रमाणन

भा. मा. ब्यूरो वर्ष 1999 से आयातित वस्तुओं के प्रमाणन के लिए दो योजनाएँ संचालित कर रहा है। जिनमें से एक विदेशी विनिर्माताओं के लिए है और दूसरी भारतीय आयातकों के लिए है। इस योजना के प्रावधानों के अंतर्गत विदेशी विनिर्माता भारतीय मानक ब्यूरो की मानक

Stoves; X-Ray Equipment; Plastic Feeding Bottles, Cement; Steel and Steel Products, Diesel Engine for General Purpose, Pneumatic Tyres and Tubes for Automotive Vehicles, Centrally Cast Ductile Iron Pressure Pipes, Ductile Iron Fittings for Pressure Pipes, Constant Speed Compression Ignition (diesel) Engines for General Purposes, etc.

Considerable progress was made in BIS product certification scheme during 2012-13. During the year 2964 new licences were granted, which include 9 products covered for the first time under the scheme. These products are IS 4835 - Polyvinyl Acetate Dispersion Based Adhesives for Wood, IS 5206 - Covered Electrodes for manual Metal Arc welding of Arc of steel and other similar high alloy steel, IS 7180 - Disposable Artificial Insemination Gloves, IS 14756 - Stainless Steel cooking utensils, IS 14605 - Irrigation Equipment- Micro Sprayer, IS 15240 - Profenofos Emulsifiable Concentrate, IS – 14443 Polycarbonate – Sheets, IS 15601- Cymoxanil 8% + Mancozeb 64% W.P, IS 15476 - Bamboo Mat Corrugated Sheets.

The total number of Indian Standards which have been covered under BIS Certification Marks Scheme are 1065.

Total number of operative licences as on 31 March 2013 rose to 26357.

Assessment of Operative Licences/Applicants under Product Certification Scheme

In order to monitor the operation of licences, a total number of 25092 inspections and 11811 lot inspections were organized during the year and 32492 samples (including samples procured from market) were drawn for independent testing. Due to constraint of man power, BIS has outsourced the surveillance inspections to the outside agencies. Agents have been appointed and agreement has been signed with them. Training has been imparted and detailed guidelines have been issued. By this, it is expected to provide better services to the licensees and protect consumer's interest.

Review of Certification Operation

In order to acquire feedback on the operation of the BIS Certification Marks Scheme, review meetings with the licensees representing significant fields of operations are organized on a regular basis. In the year 5 review meetings with licensees were organized covering the areas of Packaged Drinking Water; Steel and Steel Products; Jute and Jute Products.

Certification of Imported Products

BIS is operating two schemes for certification of imported goods, one for foreign manufacturers and the other for Indian importers since the year 1999. Under the provisions of this scheme, foreign manufacturers can seek certification from

मुहर अपने उत्पादों पर लगाने के लिए भा. मा. ब्यूरो में प्रमाणन के लिए आवेदन कर सकते हैं और भारतीय आयातक हमारे देश में आयात किए जा रहे उत्पादों पर भा. मा. ब्यूरो की मानक मुहर लगाने के लिए प्रमाणन हेतु आवेदन कर सकते हैं। वर्ष के दौरान इस्पात एवं इस्पात से संबद्ध उत्पादों, केबल, सीमेंट, डीज़ल इंजन/पम्प, टायर व ट्यूब और नवजात शिशु आहार जैसे उत्पादों के लिए 49 लाइसेंस स्वीकृत किए गए। ये मलेशिया, सिंगापुर, जापान, वियतनाम, पाकिस्तान, चीन, बंगलादेश, थाईलैंड, श्रीलंका, जर्मनी, पोलैंड, रोमानिया, स्पेन, नीदरलैंड, पुर्तगाल, आइसलैंड, चैक गणराज्य, फ्रांस, बेलजियम, इटली, मिस्र, इज़राइल, यूनाइटेड किंगडम, स्लोवाकिया, यूएसए, ब्राजील, यूक्रेन, यूएई, नेपाल, भूटान, हंगरी, इंडोनेशिया, फिलिपिंस, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ताइवान तथा दक्षिण अफ्रीका और जार्जिया के लिए स्वीकृत किए गए, जिससे विदेशी विनिर्माता योजना के अंतर्गत प्रचालनगत लाइसेंसों की संख्या 263 हो गई है।

स्वर्ण/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग योजना

हॉलमार्किंग योजना में प्रगति

वर्ष 2012–13 की अवधि के दौरान हॉलमार्किंग योजना ने और भी प्रगति की है। 31 मार्च 2013 को स्वर्णाभूषणों की हॉलमार्किंग के लाइसेंसों की संख्या बढ़ कर 10586 हो गई जबकि 31 मार्च 2012 को इनकी संख्या 9292 थी। इस अवधि के दौरान स्वर्णाभूषणों/शिल्पों की 277 लाख वस्तुओं पर हॉलमार्किंग की गई। इस दौरान भा. मा. ब्यूरो से मान्यता प्राप्त एसेयिंग एवं हॉलमार्किंग केन्द्रों की संख्या 31 मार्च 2013 को 210 हो गई।

चांदी के आभूषणों/शिल्पों की हॉलमार्किंग के लिए चांदी हेतु लाइसेंसों की प्रचालन संख्या इस वर्ष के दौरान 580 से बढ़कर 695 हो गई।

हॉलमार्किंग का प्रचार

- स्वर्ण/चाँदी के आभूषणों/वस्तुओं की हॉलमार्किंग को उपभोक्ताओं को प्रभावी सुरक्षा देने हेतु, भा. मा. ब्यूरो ने देश भर में अपने क्षेत्रीय एवं शाखा कार्यालयों के नेटवर्क के माध्यम से ज्वैलरों/उपभोक्ताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। 1 अप्रैल, 2012 से 31 मार्च, 2013 के दौरान ऐसे 54 ज्वैलर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- इस वर्ष के दौरान उपभोक्ताओं/ज्वैलरों में स्वर्ण/चाँदी के आभूषण पर हॉलमार्किंग से लाभ के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए देश के विभिन्न समाचारपत्रों में 155 विज्ञापन जारी किए।

प्रबंध पद्धति प्रमाणन

प्रबंध पद्धतियों के संगत अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय मानकों के अनुसार भा. मा. ब्यूरो ने निम्नलिखित प्रमाणन सेवाएँ प्रदान करना जारी रखा :

क) आईएस/आईएसओ 9001: 2008 के अनुसार गुणता प्रबंध पद्धति (क्यूएमएस) प्रमाणन योजना ;

BIS for marking their product with BIS Standard Mark and Indian importers can also seek BIS certification for applying BIS Standard Mark on the product being imported into the country. During the year 49 licences were granted for products such as Steel and Steel related products, Cables, Cement, Diesel Engines/Pumps, Tyres and Tyre Tubes and Infant food products. Total number of licences in operation under Foreign Manufacturers Scheme as on 31st March 2013 were 263 from countries like Malaysia, Singapore, Japan, Vietnam, Pakistan, China, Bangladesh, Thailand, Sri Lanka, Germany, Poland, Romania, Spain, Netherlands, Portugal, Iceland, Czech Republic, France, Belgium, Italy, Egypt, Israel, United Kingdom, Slovakia, USA, Brazil, Ukraine, UAE, Nepal, Bhutan, Hungary, Indonesia, Philippines, South Korea, Turkey, Taiwan, South Africa and Georgia.

HALLMARKING SCHEME OF GOLD/SILVER JEWELLERY

Progress of Hallmarking Scheme

The scheme for Hallmarking has further grown during 2012-13. The number of licences for Hallmarking of gold jewellery has grown from 9292 as on 31 March 2012 to 10586 as on 31 March 2013. During the period 277 lakhs articles of gold jewellery/ artefacts have been hallmarked. As on 31 March 2013 the number of BIS recognized assaying and hallmarking centres was 210.

The number of operative silver licences for Hallmarking of silver jewellery/ artefacts has increased from 580 to 695 during the year.

Publicity for Hallmarking

- To promote hallmarking of gold/silver jewellery/ artefacts as a means of effective consumer protection, awareness programmes for jewellers/ consumers are organized by BIS through its various Regional and Branch offices across the country. 54 Jewellers' awareness programmes have been organized during 2012-13.

- 155 advertisements have been released in various newspapers across the country for spreading awareness among the consumers/ jewellers about the benefits of hallmarking on Gold/Silver Jewellery during this year.

MANAGEMENT SYSTEM CERTIFICATION

BIS continued to provide the following Certification services as per the corresponding standards for management systems:

a) Quality Management System (QMS) Certification Scheme as per IS/ISO 9001:2008;

ख) आईएस/आईएसओ 14001 : 2004 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति (ईएमएस) प्रमाणन योजना ;

ग) आईएस 15000 : 1998 के अनुसार खाद्य जनित हानि विश्लेषण और क्रांतिक नियंत्रण बिन्दु (एचएसीसीपी) ;

घ) आईएस 18001 : 2007 के अनुसार व्यवसाय में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति (ओएचएसएमएस) प्रमाणन योजना;

ङ) आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति (एफएसएमएस) प्रमाणन योजना;

च) आईएस 15700 : 2005 के अनुसार सेवा गुणता प्रबंध पद्धति (एसक्यूएमएस) प्रमाणन योजना।

गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भा. मा. ब्यूरो गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (क्यूएमएससीएस) के भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत सितम्बर 1991 में आरंभ किया गया था। यह योजना आईएसओ/आईईसी 17021 'अनुरूपता मूल्यांकन – प्रबंध पद्धतियों का ऑडिट करने वाले और प्रमाणन प्रदान करने वाले निकायों की अपेक्षाओं' के अनुसार प्रचालित की जाती है।

वर्ष 2012–2013 के दौरान 52 गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन लाइसेंस स्वीकृत किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2013 को प्रचालित लाइसेंसों की कुल संख्या 948 हो गई। इनमें रसायन, धातु एवं धातु उत्पाद, सीमेंट, निर्माण, डेयरी संयंत्र, शिक्षा, विद्युत उत्पादन, इंजीनियरिंग सेवाएं, खनन, मशीनरी, पेट्रोलियम, प्लास्टिक, फार्मास्यूटिकल, वस्त्रादि और सेवा क्षेत्र जैसे वित्तीय क्षेत्र, स्वास्थ्य क्षेत्र, बीमा, सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, परिवहन इत्यादि औद्योगिक क्षेत्र शामिल हैं।

पर्यावरण प्रबंध प्रमाणन पद्धति योजना

भा. मा. ब्यूरो ने आईएस/आईएसओ 14001 के अनुसार पर्यावरण प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (ईएमएस) प्रारंभ की है। यह भी आईएसओ/आईईसी 17021 में निर्दिष्ट अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार प्रचालित है। अवधि के दौरान 13 नए ईएमएस लाइसेंस प्रदान किए गए जिससे 31 मार्च 2013 को प्रचालन लाइसेंसों की संख्या 174 हो गई। इन लाइसेंसों में एकीकृत इस्पात संयंत्र, ताप बिजली संयंत्र, विमान उद्योग, परमाणु बिजली घर, वस्त्रादि, प्लास्टिक, सीमेंट, निर्माण, बिजली और दूरसंचार केबल, पेट्रोलियम परिशोधन, कीटनाशी, औद्योगिक एवं विस्फोटक रसायन, रेलवे वैगन वर्कशाप, फार्मस्यूटिकल, मशीनरी, खनन, लोक प्रशासन (प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) इत्यादि तकनीकी क्षेत्र शामिल हैं।

b) Environmental Management System (EMS) Certification Scheme as per IS/ISO 14001:2004;

c) Hazards Analysis and Critical Control Point (HACCP) Scheme as per IS 15000:1998;

d) Occupational Health and Safety Management System (OHSMS) Certification Scheme as per IS 18001:2007;

e) Food Safety Management System (FSMS) Certification Scheme as per IS/ISO 22000:2005;

f) Service Quality Management System (SQMS) Certification Scheme as per IS 15700:2005;

Quality Management Systems Certification Scheme

The Quality Management System Certification Scheme (QMSCS) was launched by BIS in September 1991 under the provisions of the Bureau of Indian Standards Act, 1986. The Scheme is being operated in accordance with the international standard ISO/IEC 17021 'Conformity assessment – Requirements for bodies providing audit and certification of management systems'.

52 Quality Management Systems Certification licences were granted during 2012 - 2013 making a total of operative licences to 948 as on 31 March 2013 covering industrial sectors such as chemicals, metal and metal products, cement, construction, dairy plants, education, electricity generation, engineering services, mining, machinery, petroleum, plastic, pharmaceuticals, textiles, and service sectors such as financial sector, health sector, insurance, information technology, telecommunications, transport etc.

Environmental Management Systems Certification Scheme

The Environmental Management System (EMS) Certification Scheme was launched by BIS as per IS/ISO 14001. It is also operated as per International criteria laid down in ISO/IEC 17021. During the period, 13 EMS licenses have been granted making a total of operative licenses to 174 as on 31 March 2013. These licenses cover technology areas like integrated steel plants, thermal power plants, aeronautical industries, atomic power stations, textiles, plastic, cement, construction, electrical and telecommunication cables, petroleum refinery, insecticides, industrial and explosive chemicals, railway wagon workshops, pharmaceuticals, machinery, mining, public administration (Pollution Control Board) etc.

व्यवसाय में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भा. मा. ब्यूरो ने आईएस 18001 : 2000 के अनुसार व्यवसाय में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रबंधन पद्धति प्रमाणन योजना (ओएचएसएमएस) जनवरी 2003 में आरंभ की थी। इससे कोई संगठन अपनी गतिविधियों से प्रभावित होने वाले उसके कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की रक्षा करने के लिए ऐसे महत्त्वपूर्ण खतरों और जोखिमों से जुड़ी विधायी अपेक्षाओं एवं जानकारी को ध्यान में रखते हुए नीति और उद्देश्य तय कर सकता है, योजना बना सकता है, और प्रबंधन कर सकता है जिन खतरों और जोखिमों को संगठन नियंत्रित कर सकता हो और जिनका प्रभाव कर्मचारियों पर पड़ने की संभावना है। अवधि के दौरान 13 ओएचएसएमएस लाइसेंस प्रदान किए गए। इस प्रकार 31 मार्च 2013 को कुल प्रचालित लाइसेंसों की संख्या 69 हो गई। इन लाइसेंसों में ताप बिजली संयंत्र, सिरेमिक उद्योग, साइकिल उद्योग, गैस पॉवर स्टेशन और स्वास्थ्य सेवाएं तथा कर्मचारी विकास केन्द्र शामिल हैं।

एचएसीसीपी स्टैंड एलोन

भा. मा. ब्यूरो आईएस 15000 के अनुसार स्टैंड एलोन एचएसीसीपी प्रमाणन योजना भी प्रदान करता है। 31 मार्च 2013 को 2 एचएसीसीपी स्टैंड एलोन लाइसेंस प्रचालन में थे।

खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

भा. मा. ब्यूरो ने आईएस/आईएसओ 22000 : 2005 के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना (एफएसएमएस) प्रारंभ की थी। इस पद्धति को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि खाद्य शृंखला में आने वाले सभी प्रकार के संगठन खाद्य निरापदता प्रबंध पद्धति को क्रियान्वित कर सकते हैं। एफएसएमएस के कार्यान्वयन से निम्नलिखित लाभ होंगे :

i) खाद्य उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्यता में वृद्धि ;

ii) उत्पादों/सेवा के दायित्व के दावों के जोखिमों में कमी ;

iii) ग्राहक की संविदागत अपेक्षाओं को संतुष्ट करती है ;

iv) खाद्य उत्पादों की निरापदता सुनिश्चित करती है ;

v) अधिक स्वास्थ्य रक्षा ;

vi) अंतर्राष्ट्रीय मानकों और लागू विनियामक अपेक्षाओं के प्रति अनुरूपता प्रदर्शन ;

vii) खाद्य निरापदता से संबंधित लागू वैधानिक और विनियामक अपेक्षाओं को पूरा करने में सहायता करना ; और

viii) राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रभावी प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करना।

वर्ष के दौरान, 1 लाइसेंस प्रदान किया गया।

Occupational Health and Safety Management Systems Certification Scheme

BIS launched Occupational Health and Safety Management System (OHSMS) certification Scheme as per IS 18001:2000, in January 2003, which essentially enables an organization to define, plan and manage policy and objectives, taking into account, the legislative requirements and information about significant hazards and risks, which the organization can control and over which it can be expected to have an influence, to protect its employees and others, whose health and safety may be affected by the activities of the organization. During the period, 13 OHSMS licenses have been granted making a total of operative licences to 69 as on 31 March 2013. The licences cover technology areas like thermal power plants, ceramic industry, cycle industry, gas power station, health services and employee development centre.

HACCP Stand Alone

BIS also offers a standalone HACCP Certification Scheme as per IS 15000. 2 HACCP Stand-Alone licences were in operation as on 31 March 2013.

Food Safety Management Systems Certification Scheme

BIS has launched Food Safety Management System (FSMS) Certification Scheme as per IS/ISO 22000:2005. This system is designed to allow all types of organizations within the food chain to implement a food safety management system. Implementation of FSMS would help to achieve the following benefits:

i) Increased international acceptance of food products;

ii) Reduces risk of produce/service liability claims;

iii) Satisfies customer contractual requirements;

iv) Ensures safety of food products;

v) Greater health protection;

vi) Demonstrations conformance to international standards and applicable regulatory requirements;

vii) Helps to meet applicable food safety related statutory and regulatory requirements;

viii) Ensures to compete effectively in national and international markets

During the year, 1 licence was granted.

31 मार्च 2013 को 8 एफएसएमएस लाइसेंस प्रचालन में थे।

सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन योजना

सेवा गुणता प्रबंध पद्धति प्रमाणन (एसक्यूएमएस) योजना अप्रैल 2007 में आरंभ की थी। यह आईएस 15700 : 2005 'गुणता प्रबंध पद्धतियां – जन सेवा संगठनों द्वारा सेवा देने की गुणता अपेक्षाएँ' पर आधारित है। यह मानक निम्नलिखित तीन मुख्य घटकों पर ध्यान देता है :

- परामर्श प्रक्रिया के माध्यम से व्यावहारिक नागरिक अधिकार पत्र तैयार करना।
- दी जाने वाली सेवाएँ, सेवा प्रदान करने की प्रक्रिया और उनका नियंत्रण तथा सेवा प्रदान करने की अपेक्षाओं का पता लगाना।
- शिकायत निपटान की प्रभावी प्रक्रिया।

इस मानक को विशेष तौर पर लोक सेवा संगठनों के लिए डिजाइन किया गया है। यह एक पद्धति निर्धारित करता है जिससे सेवा संगठनों को नागरिक अधिकार पत्र, लोक शिकायत निपटान और गुणता की सेवा पर मुख्य बल देना चाहिए। यह मानक एक्रास द काउंटर गुणता सेवा की सुपुर्दगी पर बल देता है। जो संगठन इस मानक को कार्यान्वित कर रहे हैं उन्हें भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित किया जा सकता है। भा. मा. ब्यूरो ने सेवा गुणता प्रबंध पद्धति के प्रमाणन के लिए योजना विकसित की है। भा. मा. ब्यूरो ने आईएस 15700 : 2005 'गुणता प्रबंध पद्धति – जन सेवा संगठनों द्वारा सेवा देने की गुणता अपेक्षाएँ' के कार्यान्वयन को वरीयता क्षेत्र के तौर पर रखा है समीक्षाधीन अवधि के दौरान 4 लाइसेंस प्रदान किए गए।

31 मार्च 2013 तक निम्नलिखित 9 लाइसेंस प्रचालन में थे :

क) न्यू दिल्ली जनरल पोस्ट ऑफिस, गोल डाकखाना भवन, नई दिल्ली

ख) केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड

यूनिट कार्यालय :

i) आयकर सेवा केन्द्र, पुणे

ii) आयकर सेवा केन्द्र, कोच्चि

iii) आयकर सेवा केंद्र, चंडीगढ़

iv) आयकर सेवा केंद्र, गांधीनगर

ग) केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा–शुल्क बोर्ड

As on 31 March 2013, 8 FSMS licences were in operation.

Service Quality Management Systems Certification Scheme

The Service Quality Management Systems (SQMS) Certification Scheme was launched in April 2007. This is based on the Indian Standard on Service Quality by Public Service Organization namely IS 15700:2005 Quality Management Systems – Requirements for services delivery by public service organizations. This standard focuses mainly on the following 3 key elements:

- Formulation of a realistic Citizen's Charter through a consultative process,
- Identification of services rendered, Service delivery processes, their control and delivery requirements,
- An effective process for complaints handling

This standard has been specifically designed for public service organizations and prescribes a system that service organizations should install with focus on Citizen's Charter, Public Grievance Redressal and Service Quality to deliver quality of service. This standard focuses on delivery of quality service across the counter. Further, the organizations implementing this standard can be certified by Bureau of Indian Standards. BIS has developed the Scheme for Certification of Service Quality Management Systems. BIS has kept the implementation of IS 15700:2005 Quality Management Systems – Requirements for Service Quality by Public Service Organizations as a Thrust Area: During the period 4 licences were granted.

As on 31 March 2013, the following 9 licences with 21 units were in operation:

a) New Delhi General Post Office, Gol Dak Khana Building, New Delhi

b) Central Board of Direct Taxes

Unit Offices:

i) Aay Kar Seva Kendra, Pune

ii) Aay Kar Seva Kendra, Kochi

iii) Aay Kar Seva Kendra, Chandigarh

iv) Aay Kar Seva Kendra, Gandhinagar

c) Central Board of Excise and Custom

यूनिट कार्यालय :

i) दिल्ली केन्द्रीय उत्पाद शुल्क – 1 सेवाएं

ii) दिल्ली सेवा कर सेवाएं

iii) सीमा शुल्क (आई एवं जी) सेवाएँ

iv) केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेवा विभाग, अहमदाबाद I एवं III

v) केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेवा विभाग, राजकोट

vi) केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेवा विभाग, ठाणे, मुम्बई

vii) केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेवा विभाग, जयपुर

viii) सीमा शुल्क (आयात एवं सामान्य) सेवा विभाग, मुम्बई एयरपोर्ट

ix) केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेवा विभाग, हैदराबाद III

x) केंद्रीय उत्पाद शुल्क सेवा विभाग, बेलापुर, नवी मुम्बई

घ) डिपार्टमेन्ट ऑफ इलेक्ट्रिकल इंसपेक्टोरेट, तिरूवनंतपुरम

ङ) एसबीआई, केंद्रीय पेंशन प्रक्रिया इकाई, दिल्ली

च) भारतीय डाक विभाग, शिमला

छ) मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, जयपुर

ज) मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, दिल्ली

झ) केंद्रीय उत्पाद एवं सेवाकर आयुक्त कार्यालय, चंडीगढ

Unit Offices at:

